दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
नई दिल्ली। रविवार 01 मार्च -2026 | वर्ष : 11 अंक : 69 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







# अमेरिकी सेना ने ईरान पर बोला धावा
## इजराइल और अमेरिका का जॉइंट मिलिट्री एक्शन




**नई दिल्ली।** इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर बड़ा हमला किया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई।

इससे पहले ईरानी न्यूज एजेंसियों ने बताया था कि दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 40 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है।

जवाब में ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया।

### अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। ये हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में ईरान पर हमले की धमकी दी थी। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है। ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु समझौते की बातचीत में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा विवाद का मुद्दा बन गया है। ईरान इस पर बिल्कुल भी समझौता करने को तैयार नहीं है और इसे अपनी रेड लाइन मानता है। ईरान का कहना है कि यह उसके बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम रक्षा के लिए जरूरी है। ईरान का कहना है कि जून 2025 में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु साइटों पर हमला किया, तब ईरान की मिसाइलों ने ही उसकी रक्षा की।

### खड़गे बोले- ईरान में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईरान में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने केंद्र सरकार से भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। खड़गे ने कहा कि हालिया सैन्य घटनाक्रम के बाद मध्य-पूर्व की स्थिति बिगड़ रही है और ऐसे समय में शांति व स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने ईरान और अन्य मध्य-पूर्वी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही और सरकार से अपील की कि वह सभी जरूरी कदम उठाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे।

ईरानी अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि मिसाइल कार्यक्रम पर कोई बात नहीं होगी। यह ईरान की रक्षात्मक क्षमता है और इसे छोड़ना मतलब खुद को कमजोर करना होगा। ईरान कहता है कि बातचीत सिर्फ परमाणु कार्यक्रम तक सीमित रहेगी, मिसाइल या क्षेत्रीय समूहों पर नहीं।

# आज से सिम से लेकर यूपीआई पेमेंट तक बदलने वाले हैं नियम, सिम बाइंडिंग नियम होगा लागू!

**नई दिल्ली।** हर बार की तरह इस महीने भी 1 मार्च 2026 से कई नियमों में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। महीने की पहली तारीख अक्सर नीतिगत और प्रशासनिक परिवर्तनों के लिए अहम मानी जाती है, जिनका सीधा असर आम लोगों की दिनचर्या और जेब पर पड़ता है। आइए विस्तार से जानते हैं, किन नियमों में होने वाला है बड़ा बदलाव।




मोबाइल यूजर्स के लिए नया नियम लागू होगा जिसके तहत व्हाट्सएप और अन्य मैसेजिंग ऐप्स को उसी फोन के सक्रिय सिम से लिंक करना जरूरी होगा जिसमें एप चल रहा है। यानी जिस डिवाइस पर एप इस्तेमाल कर रहे हैं, उसमें संबंधित सिम का होना अनिवार्य होगा। साथ ही वेब या डेस्कटॉप लॉगिन के लिए छह घंटे का ऑटो लॉग-आउट नियम लागू किया जाएगा। यानी कि 6 घंटे के बाद अब से वेब या डेस्कटॉप अपने आप लॉगआउट हो जाएगा। इसका उद्देश्य फर्जी नंबरों और साइबर अपराधों पर रोक लगाना है।

**रेलवे का पुराना ऐप बंद :** 1 मार्च से रेलवे अपना पुराना वळर एप बंद कर रहा है। इसके बाद यात्री इसका इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने के लिए अब यात्रियों को नए फ्रं ङ्लली एप का उपयोग करना होगा। इससे यात्रियों को नई प्रणाली अपनानी होगी। शुरूआत में तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं, लेकिन रेलवे का कहना है कि नया सिस्टम अधिक तेज, सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल होगा। इस नए एप में टिकट बुक करने पर आपको काफी छूट भी मिलेगी।

**एलपीजी की कीमतों में हो सकता है बदलाव :** हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी

विस्तृत खबर, पृष्ठ 4

# नंदगांव में लठामार होली, हुरियारों पर बरसी प्रेम की लाठियां

**मथुरा।** मथुरा में बरसाना की लठामार होली के दूसरे दिन फाल्गुन सुदी दशमी को नंदभवन, रंगीली चौक और यशोदा कुंड क्षेत्र रंग, गुलाल, फाग पद और प्रेमपगी लाठियों की वर्षा से सराबोर हो उठा। बरसाना से आईं राधारानी की सखी स्वरूप हुरियारे फगुवा लेने के लिए नंदगांव पहुंचे। यहां समाज गायन के बाद हुरियारिनों ने उन पर प्रेम पगी लाठियां बरसाईं। दोपहर से देर शाम तक चले आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की मौजूदगी में द्वापरकालीन परंपरा एक बार फिर सजीव हो उठी।



पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण बरसाना में होली खेलने के बाद बिना फगुवा (नेग) दिए नंदगांव लौट आए थे। इसी की स्मृति में बरसाना की गोपियां स्वरूप हुरियारे बृहस्पतिवार को नंदगांव में फगुवा लेने पहुंचे। इस दौरान नंदगांव में लठमार होली का आयोजन किया गया।

बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे से बरसाना से हुरियारों के जत्थों का नंदगांव आगमन शुरू हो गया। सबसे पहले वे यशोदा कुंड पहुंचे, जहां परंपरागत तरीके से उनका स्वागत किया गया। यहां रबड़ी, केसर मिश्रित भांग की ठंडाई और प्रसाद वितरित किया गया। लठमार होली के लिए हुरियारों ने सिर पर पगड़ी बांधी और ढालें संभालीं।

यशोदा कुंड से हुरियारों का जत्था नंद के जमाई के जय उद्घोष के साथ नंदभवन की ओर रवाना हुआ। मार्ग में मिलने वाली गोपियों से हंसी ठिठोली करते हुए हुरियारे नंदभवन पहुंचे। भूरे का थोक के लोगों ने छतों से टेसू के फूलों से तैयार प्राकृतिक रंग और गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर हुरियारों का स्वागत किया गया। जगह-जगह फूलों की रंगोलियां सजाई गई।

## पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन ने जब कि हाउस टैक्स को लेकर दो ताकतों से बात

# किसने कहा मिलने का नहीं है टाइम और किसने कहा कल करते हैं मुलाकात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन एक बार फिर हाउस टैक्स को लेकर एकजुट हो रही है। हालाकि कोर्ट ने इस मामले में पूर्व पार्षदों की रिट याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी लेकिन पार्षदों से लेकर विधायकों को ये उम्मीद है कि इस मुददे पर आपसी सहमति से बात बन सकती है। शनिवार को पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन के बैनर पर पार्षद नगर निगम पहुंचे। पार्षदों ने पहले ही ग्रुप में ये एलान कर दिया था कि शनिवार को सब मिलेंगे। पार्षद बैठे भी और उन्होंने ये रणनीति भी बनायी कि सभी जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर बात करेंगे। सूत्र बताते हैं कि यहां हाउस टैक्स में राहत के लिए पार्षदों ने ये तय किया कि सभी जनप्रतिनिधियों से बात कर ली जाये। इस कड़ी में नगर निगम की दो ताकतों से भी बात करने पर सहमति बनी।

बताते हैं कि अब यहां सवाल ये आ गया कि निगम की एक ताकत को फोन मिलाये कौन। इसके बाद एक ऐसे पार्षद का चयन हुआ जिन्हें इन दिनों निगम की उस ताकत का क्लोज माना जाता है। उस पार्षद ने ये पूछा भी था कि शनिवार का क्या प्रोग्राम है। बहरहाल इन पार्षद ने बड़ा दिल दिखाया और निगम की उस ताकत को फोन मिलाया। पहली बार रिंग जाती रही और फोन पिकअप नहीं हुआ, दूसरी बात फोन कॉल रिसीव ही नहीं हुई और तीसरी बार में फोन रीसीव हुआ। बात ये थी कि टाईम लिया जाये और बात की जाये। लेकिन तीसरी बात जब फोन उठा तो टोन में वो मिठास नहीं थी। इधर से कहा गया कि पार्षद आपसे मिलना चाहते हैं। लेकिन उधर से कह दिया गया कि मेरे पास अभी समय नहीं है। सुना है कि होली का भी हवाला दिया गया। लेकिन इसके बाद पार्षदों ने जब निगम की दूसरी ताकत को फोन मिलाया तो उधर से फोन भी उठाया और बात भी हुई। निगम की दूसरी ताकत ने बात भी सुनी और बताया कि अभी व्यस्त हैं लेकिन हम लोग कल मिल सकते हैं और इस तरह से मिलने के प्रोग्राम के साथ पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन ने अगला कार्यक्रम बनाया।

### पार्षदों की संख्या बता रही है उनकी एकता का बल

करंट क्राइम। पार्षद एकजुट हैं मगर कितने एकजुट हैं ये सबको दिखाई दे रहा है। पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन का गठन हुआ। सबको पता है कि नगर निगम में 100 पार्षद हैं। लेकिन जब एकजुटता की बात आयी तो 20 पार्षद ही दिखाई दिये। ऐसा लगता है कि 80 वार्ड के पार्षद नहीं चाहते कि टैक्स कम हो। पार्षद एकता की बात थी और यहां कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी पहुंचे। पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा पहुंचे। इसके अलावा पार्षदों में मनोज त्यागी, हिमांशु शर्मा, शीतल चौधरी, गौरव सौलंकी, कुसुम मनोज गोयल, सुधीर कुमार, नीरज गोयल, शिवम शर्मा, पार्षद पवन गौतम, पार्षद देवनारायण, ओम प्रकाश, संतोष राणा, नितिन, सुमन, रीना चौधरी, प्रतिमा शर्मा, पार्षद शशि पवन गौतम, प्रति अभिनव जैन तथा पूर्व पार्षद जाकिर अली पहुंचे। सवाल ये ही उठा कि आखिर भाजपा के अन्य पार्षद क्यों बैकफुट पर हैं। अगर ये जनता से जुड़ा सवाल है तो फिर पार्षद भी तो जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं। अगर पार्षद एकता है तो फिर 50 पार्षद तो नजर आयें। क्या जो पार्षद नहीं आ रहे उन्हें टैक्स बढ़ने या घटने से कोई सरोकार नहीं है या फिर वो किसी और वजह से बैकफुट पर हैं।

### क्या वास्तव में दे देंगे सभी पार्षद मिलकर सामूहिक इस्तीफा

करंट क्राइम। आंदोलन अब धीरे धीरे सुलग रहा है और इस मामले ने भाजपा को ही अंदर से दो फाड़ कर दिया है। एक वर्ग वो है जो खुलकर विरोध कर रहा है और वो तर्क भी दे रहा है कि जनता के बीच जाना है तो फिर विरोध भी जताना है। दूसरा वर्ग वो है जो खामोश तो है लेकिन कहीं ना कहीं उसमें भी रोष है। शनिवार को जब पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन के बैनर पर पार्षद एक साथ बैठे तो यहां ये भी प्रस्ताव रखा गया कि अगर सम्पत्ति कर में राहत नहीं मिली तो सभी पार्षद सामुहिक रूप से इस्तीफा दे देंगे। क्या वास्वत में पार्षद ऐसा करेंगे और अगर ऐसा हुआ तो कितने पार्षद इस्तीफ देंगे और वो अपना इस्तीफा किसे संबोधित करेंगे। क्या ये सामुहिक इस्तीफे स्वीकार होंगे। क्या दबाव की ये रणनीति काम करेगी।

### व्यापार मंडल ने कर दिया विरोध में होली ना मनाने का ऐलान

करंट क्राइम। मी लॉड ने जो कहा वो फैसला सबके सामने है लेकिन वार्ड में जो फासला बढ़ रहा है वो भी सबको दिखाई दे रहा है। कुछ खुलकर बोल रहे हैं कुछ शांत हैं। शनिवार को इंदिरापुरम व्यापार मंडल ने कर वृद्धि का विरोध किया और इंदिरापुरम व्यापारमंडल ने नगर निगम द्वारा बढ़ाये गये हाउस टैक्स के विरोध में होली मिलन समारोह ना मनाने का एलान कर दिया। व्यापार मंडल द्वारा जारी प्रैसनोट में बता दिया गया कि यह फैसला व्यापारियों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए लिया गया है।

# सभी जनप्रतिनिधि बैठकर निकालेंगे कोई रास्ता : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी बोर्ड के पदेन सदस्य हैं। वो उस बैठक में भी शामिल रहे हैं जिसमें सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव निरस्त करने का फैसला लिया था।




कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा जनप्रतिनिधि भी हैं और उनके नाम पूरे देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीतने वाले विधायक का रिकॉर्ड भी है। जनता के मुददों से जुड़कर चलते हैं और कभी भी पार्टी गाईड लाईन से दांये बांये नहीं जाते। पार्टी प्रॉटोकॉल को फोलो करते हैं। जर्मनी से लौटने के बाद हाउस टैक्स मुददे पर करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की।

सुनील शर्मा ने कहा कि सबसे पहले तो कोर्ट के फैसले का सम्मान है। रही बात टैक्स की तो मेरा मानना है कि इस विषय पर आम सहमतिसे भी बात बन सकती है। मेरा व्यक्तिगत रूप से यह प्रयास रहेगा कि सभी जनप्रतिनिधि इस मुददे पर एक साथ बैठें। क्योंकि यह जनता से जुड़ा हुआ मुददा है। और इस पर मिल बैठकर समाधान निकाला जा सकता है। हम सभी जनप्रतिनिधि जनता के कल्याण के लिए हैं। हमारी सरकार चाहे वो केन्द्र सरकार हो, चाहे वो प्रदेश सरकार हो, हमेशा से जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। जनहित में फैसले होते हैं और सभी जनप्रतिनिधि इस पर एकसाथ बैंठें तो समाधान की संभावना बन सकती है।

# हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में डोली शर्मा का ऐलान हम करेंगे आंदोलन हम जनता के साथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस की पदाधिकारी और पूर्व मेयर तथा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा ने हाउस टैक्स को लेकर प्रैस कॉन्फ्रैंस की और भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में लगातार भाजपा के सांसद हैं, पांच विधायक हैं, दो मंत्री हैं, एमएलसी हैं, मेयर हैं 300 में से 85 पार्षद हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार है और केन्द्र में भाजपा की सरकार है। इसके बावजूद भाजपा के ही पूर्व पार्षदों को कोर्ट में जाना पड़ रहा है। इससे बदतर स्थिति क्या हो सकती है। गाजियाबाद में डबल, ट्रिपल व चार इंजन की सरकार है, इतने सारे इंजन हैं मगर फिर भी डिब्बा गोल है। सुविधायें देने की बात हुई थी और आज क्या हालत है। डॉली शर्मा ने विकास के मॉडल को बताया और कहा कि एलिवेटिड कौन सी सरकार ने दी है। मैट्रो किसके शासनकाल में आयी है। एमएमजी अस्पताल किस सरकार में बना। संजयनगर का संयुक्त चिकित्सालय किसकी सरकार में बना। ये सुविधायें इंडिया एलाईंस सरकारों ने दी हैं। डॉली शर्मा ने कहा कि भाजपा बताये कि उसने क्या दिया है। लगातार जनता भाजपा को नगर निगम में चुन रही है। विधानसभा में चुन रही है, लोकसभा में चुन रही है। मगर ये सरकारें जनता को क्या दे रही हैं। डॉली शर्मा ने एलिवेटिड रोड से लेकर जिला अस्पताल की बात की और कहा कि पूर्व सांसद स्वर्गीय सुरेन्द्र प्रकाश गोयल के कार्यकाल में कई सुविधायें मिली। लेकिन आज जनता को क्या मिल रहा है। भाजपा के पार्षद ही हाउस टैक्स को लेकर मोर्चा खोल रहे हैं इससे अंदर की स्थिति को समझा जा सकता है। आज जनता को कौन सी चीज सस्ती मिल रही है। डॉली शर्मा ने एलान किया कि गाजियाबाद की जनता वही टैक्स देगी जो उत्तर प्रदेश के 16 नगर निगमों की जनता दे रही है। वहीं पुरानी दरों पर टैक्स लगाया जाये। उन्होंने कहा कि ये सवाल कांग्रेस का नहीं है, ये सवाल राजनीति का भी नहीं है, ये सवाल गाजियाबाद के लाखों परिवारों का है। हर उस व्यक्ति का है जिसने विश्वास किया।



आज हर चीज पर टैक्स लगाया जा रहा है। ऐसा लगता है कि गाजियाबाद के लिए तो लूट लो वाली नीति पर काम चल रहा है, ये जनता का पैसा है। डॉली शर्मा ने कहा कि मेरी योगी जी से ये मांग है कि वो गाजियाबाद की जनता पर रहम करे और अनर्गल टैक्स ना लगायें। कांगेस नेता ने कहा कि हम आंदोलन करेंगे। गाजियाबाद की जनता के साथ हम खड़े हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार आते ही जनता पर बेतहाशा लादे गये करों को वापस लिया जायेगा।



# कांग्रेस का पीएम मोदी पर तंज: 'विश्वगुरु की असलियत दुनिया के सामने', ट्रंप की पाकिस्तान की तारीफ पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान की तारीफ और अफगानिस्तान के साथ उसके युद्ध में समर्थन पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया है। कांग्रेस ने इसे 'भारतीय हग्लोमेसी' के लिए एक और झटका बताया है और कहा है कि दुनिया खासकर अमेरिका अब 'स्वयंभू विश्वगुरु' की असलियत समझ चुकी है।





## ट्रंप का पाक को 'पूर्ण समर्थन', कांग्रेस का पलटवार

कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने इस मुद्दे पर शनिवार को अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रंप ने एक बार फिर पाकिस्तान की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं, जिनके भड़काऊ बयानों ने पाकिस्तान द्वारा रचे गए आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। यह अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की ओर इशारा था। जयराम रमेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप का अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान के युद्ध में पूर्ण और स्पष्ट समर्थन 'भारतीय हग्लोमेसी' के लिए एक और झटका है।'

### आर्थिक कूटनीति की विफलता का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ भारत की आर्थिक कूटनीति बुरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एकतरफा व्यापार समझौते के सामने घुटने टेक दिए, जिसमें भारत ने अमेरिकी किसानों से आयात की बड़ी प्रतिबद्धताएं कीं, जबकि अमेरिका ने भारत से बड़े निर्यात की अस्पष्ट प्रतिबद्धताएं कीं। कांग्रेस ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस समझौते के कुछ ही दिनों बाद अमेरिका ने भारत से सौर मॉड्यूल पर 125.87 प्रतिशत का आयात शुल्क लगा दिया।

## रणनीतिक कूटनीति पर वार

जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत की रणनीतिक कूटनीति को बार-बार झटके दिए हैं, क्योंकि वे लगातार पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के करीब आते रहे और भारत और पाकिस्तान को एक साथ जोड़ते रहे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री अपने तरीकों से पुरस्कार जीत सकते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि स्वयंभू विश्वगुरु का पदार्फाश हो गया है और दुनिया, खासकर अमेरिका, ने उनकी असलियत समझ ली है।'

## ट्रंप की पाकिस्तान पर टिप्पणी

यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, ट्रंप ने कहा था कि वे पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छा संबंध रखते हैं और देश बहुत अच्छा कर रहा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच लड़ाई को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने के सवाल पर ट्रंप ने कहा, 'मैं करूंगा, लेकिन मेरा पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छा संबंध है, बहुत, बहुत अच्छा। वहां के प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख दोनों ही शानदार नेता हैं। मैं उन दोनों का बहुत सम्मान करता हूं। पाकिस्तान इस समय बहुत अच्छा कर रहा है।'

## चुनाव से पहले ममता का महिला सुरक्षा पर जोर

# कोलकाता में पिंक बूथ और शाइनिंग पेट्रोलिंग टीमों का एलान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी चुनाव से पहले महिलाओं की सुरक्षा मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कोलकाता पुलिस की दो नई पहलों की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर ऑल-वुमन पिंक बूथ स्थापित किए जाएंगे, जो शाम से लेकर आधी रात तक संचालित रहेंगे। इन बूथों पर तैनात महिला पुलिसकर्मी सीधे तौर पर महिलाओं की सहायता और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई कर सकेंगी।



उन्होंने कहा कि इन पिंक बूथों के जरिए शहर की महिलाएं जरूरत पड़ने पर सीधे महिला अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगी, जिससे सुरक्षा के प्रति भरोसा और बढ़ेगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने 'शाइनिंग' नाम से ऑल-वुमन मोबाइल पेट्रोलिंग टीमों की तैनाती की भी घोषणा की। ये टीमें रात 8 बजे से सुबह 2 बजे तक ईएम बाइपास और शहर की अन्य प्रमुख सड़कों पर गश्त करेंगी, जिनका इस्तेमाल बड़ी संख्या में कामकाजी महिलाएं रात के समय करती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि कोलकाता वर्षों से देश का सबसे सुरक्षित शहर बना हुआ है और ये दो नई पहल महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। कोलकाता पुलिस के अधिकारियों द्वारा इन पहलों की तैनाती, संचालन और रणनीति से जुड़े विस्तृत दिशा-निर्देश जल्द साझा किए जाने की उम्मीद है।

# इंडिगो और एअर इंडिया ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी, कहा- पश्चिम एशिया की स्थिति पर रख रहे नजर

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइंस ने शनिवार को यात्रियों के लिए परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया। इसमें कहा गया कि वह क्षेत्र में बदले बदलते भू-राजनीतिक माहौल के बीच ईरान और उसे हवाई क्षेत्र से जुड़े अपडेट पर नजर बनाए हुए है। इसके अलावा, एअर इंडिया ने भी ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है।




## एडवाइजरी में इंडिगो ने क्या कहा?

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इंडिगो ने कहा, 'हम ईरान और उसके हवाई क्षेत्र से जुड़े अपडेट पर करीब से नजर बनाए हुए हैं। हमारे यात्रियों और चालक दल के सदस्यों (क्रू) की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्थिति बदलने पर हमारी टीमें किसी जरूरी बदलाव को लागू करने के लिए तैयार हैं।'

एयलाइन ने यात्रा से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह दी। इंडिगो ने कहा, यात्रियों को यात्रा से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह दी जाती है। किसी भी प्रभाव की स्थिति में अपडेट पंजीकृत संपर्क विवरण के जरिये तुरंत साझा किए जाएंगे। इंडिगो ने आगे कहा कि वह यात्रियों को लगातार जानकारी देता रहेगा और इस अवधि के दौरान पूरी तरह सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इंडिगो ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, ईरान और पश्चिम एशिया के आसपास हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों में बदलावों को देखते हुए वहां से आने-जाने वाली सभी उड़ानें 0000 बजे तक रद्द कर दी गई हैं। यह निलंबन भारतीय समयानुसार 0000 बजे तक लागू रहेगा। एक सूत्र के मुताबिक, दुबई, जेद्दा, दोहा, अबू धाबी, दम्माम, बहरीन, शारजाह, कुवैत और रस अल-खैमाह से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं।

### एअर इंडिया ने भी जारी की एडवाइजरी

इस बीच, एअर इंडिया ने भी ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एअरलाइन ने कहा, पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में पैदा हुई स्थिति को देखते हुए एअर इंडिया की पश्चिम एशिया के सभी गंतव्यों के लिए सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। हम अपने यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपनी उड़ानों के संचालन के लिए सुरक्षा के माहौल का निरंतर आकलन करेंगे और जरूरत के अनुसार परिचालन में बदलाव करेंगे। हमारी टीमें यात्रियों को हरसंभव मदद प्रदान करेंगी।

### इस्राइल में आपातकाल की घोषणा

इस स्थिति ने क्षेत्र में बड़े स्तर पर संघर्ष की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। इस्राइल ने पूरे देश में आपातकाल की घोषणा की है। अस्पतालों को भूमिगत किया गया है और सायरन सक्रिय कर दिए गए हैं। ईरान, इस्राइल और इराक ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं और सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर ओमान में वॉशिंगटन और तेहरान के बीच जारी वाताएं बाधित हो गईं। इससे कूटनीतिक तनाव और बढ़ गया है।

एयलाइन ने आगे कहा, इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे 24७7 सहायता केंद्र से +911169329333 और +91 1169329999 पर संपर्क करें। आपसे अनुरोध है कि हमारी वेबसाइट भी देखें। आपके धैर्य और सहयोग के लिए धन्यवाद। यह ट्रैवल एडवाइजरी ऐसे समय में जारी की गई है, जब पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है, खासकर ईरान और इस्राइल के बीच। इसका असर ईरानी हवाई क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों और मार्गों पर पड़ सकता है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने भी आज एक सुरक्षा एडवाइजरी जारी की। दूतावास ने इस्राइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर किए गए संयुक्त सैन्य हमले के बाद भारतीय नागरिकों से अत्यधिक सतर्कता बरतने और अनावश्यक गतिविधियों से बचने का आग्रह किया है।

### इस्राइल और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभियान

इस्राइल और अमेरिका ने 'ऑपरेशन रोअरिंग लायन' नाम से सैन्य अभियान चलाकर ईरान पर हमला किया। इसमें सैन्य ठिकानों, मिसाइल उत्पादन इकाइयों और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के कार्यालय के पास के इलाकों को निशाना बनाया गया। 'टाइम्स ऑफ इस्राइल' के मुताबिक, इस अभियान का नाम इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तय किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण देहरान में कई मंत्रालयों को निशाना बनाया गया। लोगों ने जोरदार धमाकों की आवाजें सुनीं।

# उपराष्ट्रपति ने पत्रकारों से किया फर्जी खबरों से संबंधित चुनौतियों का सामना करने का आह्वान, बोले- सत्य निडर होकर लिखें

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने फर्जी खबरों से संबंधित चुनौतियों पर सतर्क करते हुए शुक्रवार को कहा कि पत्रकारों की जिम्मेदारी है कि वे गलत जानकारी का मुकाबला कर सच सामने लाएं।



भारतीय जनसंचार संस्थान (आइआइएमसी) के 57वें दीक्षा समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा कि पत्रकारिता 'विकसित भारत' की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने जनसंचार स्नातकों से आग्रह किया कि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन के एजेंट बनें।

उपराष्ट्रपति ने छात्रों से कहा, निडर होकर सत्य लिखें और आप विकसित भारत बनाएंगे। सत्य को अपने हृदय में बसा लें, और कोई आप को हरा नहीं सकता। रेटिंग या शार्टकट के बजाय अपने लेखन की शुद्धता और ईमानदारी को प्राथमिकता दें।

उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली स्थित आइआइएमसी के नए शैक्षणिक ब्लाक और छात्रावास की आधारशिला भी रखी। प्रेट्र के अनुसार दीक्षा समारोह में केंद्रीय मंत्री और आइआइएमसी के चांसलर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आइआइएमसी अगले सत्र से पत्रकारों के लिए प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और रणनीति जैसे कुछ क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए फैलोशिप प्रोग्राम शुरू करेगा।

# भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे कनाडा के पीएम कार्नी

## द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर रहेगा जोर

**मुंबई।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार को भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर मुंबई पहुंचे। कार्नी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यहां आए हैं।

यह दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को पुनर्जीवित करने के ठोस प्रयासों का संकेत देती है। आईएएनएस के अनुसार, यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है।



कनाडाई प्रधानमंत्री की यात्रा द्विपक्षीय संबंधों और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुंबई से यात्रा की शुरूआत करते हुए कार्नी आर्थिक तालमेल को प्राथमिकता दे रहे हैं और अपने पहले दो दिन सीईओ, वित्तीय विशेषज्ञों और कनाडाई पेंशन फंड के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श में बिताएंगे, ताकि यात्रा के लिए एक मजबूत व्यावसायिक माहौल तैयार किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता दो मार्च को हैदराबाद हाउस में निर्धारित है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन वाताओं का उद्देश्य ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों और अनुसंधान सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कनाडा रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करना है। साथ ही भारत-कनाडा सीईओ फोरम के माध्यम से सरकारी नीति को निजी क्षेत्र के हितों के साथ तालमेल बिठाना है।

# पुलिस कमिश्नरेट ट्रांस हिंडन जोन में स्कूली बच्चों का हुआ भ्रमण, जानी पुलिसिंग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन जोन में 26 से 28 फरवरी 2026 तक थाना भ्रमण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के आदेश पर हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराना और कानून व सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना रहा। 26 फरवरी को थाना इंदिरापुरम, 27 फरवरी को थाना शालीमार गार्डन और 28 फरवरी को थाना साहिबाबाद में स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। सहायक पुलिस आयुक्त व प्रभारी निरीक्षकों ने बच्चों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा तथा आपातकालीन सेवाओं 112, 1090 और 181 की जानकारी दी। विद्यार्थियों को थाना परिसर के मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, महिला सहायता कक्ष और सीसीटीएनएस कक्ष का अवलोकन कराया गया। साथ ही एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, जीडी संधारण और विवेचना से जुड़ी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना और उन्हें जागरूक, जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

# महामाया मंदिर के मद में खर्च होगा पच्चीस करोड़ रुपया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सीकरी महामाया मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एमपी सिंह व संचालन राहुल प्रधान ने किया। प्रशासन की ओर से उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह, पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली व एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।



ग्रामीणों की और से किसान नेता डॉ0 बबली गुर्जर, राहुल प्रधान, निर्दोष खटाना, विकल प्रधान, बीर सिंह, हरबीर सिंह, तिलकराज, रामरिक, नीरज प्रजापति, अशोक मुखिया, राज वर्मा आदि ने मुख्य रूप से मंदिर का पच्चीस करोड़ रुपए खर्च करने व आगामी मेले को भव्य रूप देने पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में एसडीएम अजीत सिंह ने इक्कीस लोगों की कमेटी का गठन कराया और तय हुआ कि तहसील प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन व कमेटी तय करेगी, कि पच्चीस करोड़ रुपया किस तरह से खर्च किया जायेगा।

बैठक में पीडब्ल्यूडी विभाग, बिजली विभाग, शुगर मिल आदि के अध्यिों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आने वाले नवरात्रों के मेले को भव्य रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कालू चेयरमैन, चमन सिंह, देव शर्मा, सोनू चदीला, पूर्व सभासद चांदी सिंह, धनवीर, ओमवीर, चाहत सिंह, राहुल वाल्मीकि, अमित, धर्मबीर, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्टरी में हुआ धमाका 21 लोगों की मौत, आठ लोगों की हालत गंभीर

**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक पटाखा फैक्टरी में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत होने की खबर है। राहत और बचाव कार्य में लगी पुलिस की टीम ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने बताया कि पटाखा फैक्टरी में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। गृह मंत्री के मुताबिक धमाके में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि धमाके में घायल हुए छह लोगों की हालत गंभीर है।



## काकीनाडा में धमाके के बाद सरकार क्या बोली?

पटाखा फैक्टरी में धमाके पर राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में नायडू ने लिखा, काकीनाडा जिले के वेतलापलेम गांव में एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में हुए धमाके की खबर विचलित करने वाली है। इस हादसे में कई लोगों की जान गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हादसे के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली है और उन्हें पीड़ितों को हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है।


## धमाके के समय फैक्टरी में कितने लोग मौजूद थे?

सीएम नायडू ने कहा, राहत और बचाव कार्यों पर सरकार नजर रख रही है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ उस समय पटाखा बनाने वाली इस फैक्टरी में करीब 20 लोग काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हादसे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं।

# चीन सीमा पर भारतीय सेना का शक्ति प्रदर्शन

**इटानगर।** भारतीय सेना ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी), अरुणाचल स्काउट्स, पैरा स्पेशल फोर्सेज और भैरव बटालियन के साथ मिलकर लोहित जिले के तेजू में तीन दिवसीय संयुक्त तोपखाने अभ्यास का सफलतापूर्वक संचालन किया। यह अभ्यास हाई एल्टीट्यूड पर युद्ध की तैयारियों को परखने के लिए किया गया।

रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने शुक्रवार को बताया कि 23 से 25 फरवरी तक चले इस अभ्यास से हाई एल्टीट्यूड वाले इलाकों में अंतर-एजेंसी समन्वय और परिचालन तत्परता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह अभ्यास विशेष रूप से अंतर-संगठनात्मक तालमेल को मजबूत करने और रणनीतिक रूप से संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्रों में परिचालन तत्परता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। लेफ्टिनेंट कर्नल रावत ने कहा कि यह अभ्यास सहभागी बलों के बीच संयुक्त परिचालन एकीकरण और अंतर-शस्त्र सहयोग को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर है।



03 Mar -26 page 3 28-02-2026 22:56 Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 01 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Sunil Kumar Sharma · Follow
7h
आज वसुंधरा स्थित आवास पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
#UPGovt #CabinetMinister #MLASahibabad

Narendra Modi Amit Shah Nitin Nabin PMO India MYogiAdityanath Bharatiya Janata Party (BJP) BJP Uttar Pradesh




# भाजपा में शुरू हो गई जिला कार्यसमिति गठन की तैयारियां

## दो मार्च तक पर्यवेक्षक पहुंचेंगे प्रवास करने और शुरू हो जायेगा काम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के बाद अब इसके इफैक्ट सामने आ रहे हैं। जिला कार्यसमिति का गठन होना है और इसकी तैयारियां शुरू हो गयी हैं। प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री द्वारा वर्चुअल बैठक में हुए निर्णय के अनुसार अब पर्यवेक्षक के लिए पत्र भेजे गये हैं। सभी पर्यवेक्षक आवंटित जनपद में प्रवास करेंगे। जिला समिति गठन के लिए दो मार्च की समय सीमा तय की गयी है। दो मार्च तक पर्यवेक्षक अपने जिले में पहुंचकर जिला समिति गठन के कार्य को पूरा करायेंगे।

जिला समिति गठन की सूचि दो लिफाफों में बंद हो जायेगी और प्रदेश संगठन के पास पहुंचेगी।

### कोर कमेटी की अपेक्षित श्रेणी में ये रहेंगे नाम

करंट क्राइम। जिला कार्यसमिति का गठन होगा और इसके लिए कोर कमेटी भी बनायी गयी है। कोर कमेटी में जिला प्रभारी , जिलाध्यक्ष, निवर्तमान जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक, जिले में निवास करने वाले एमएलसी तथा प्रदेश कमेटी और क्षेत्र कमेटी के वो पदाधिकारी शामिल होंगे जो क्षेत्र में निवास करते हें। इसके अलावा कोर कमेटी में महापौर को भी लिया गया है।




### आज गाजियाबाद में राम प्रताप सिंह चौहान पर्यवेक्षक के रूप में रहेंगे मौजूद

### जिला कार्यसमिति में जिला पर्यवेक्षक के लिए करणीय बिंदु

करंट क्राइम। जिला कार्यसमिति गठन में जिला पर्यवेक्षक के लिए चार बिंदु दिये गये हैं। जिला समिति ने अध्यक्ष सहित 90 पदाधिकारी और सदस्य होंगे। जिला समिति में आठ उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री , 8 मंत्री और एक कोषाध्यक्ष होंगे। पदाधिकारियों में कम से कम सात महिलायें, दो अनुसूचित जाति से होंगे। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग को जिला समीकरण के अनुसार पूर्ण समावेश रखना है।

जिला कार्यसमिति टीम में रहेंगे 3 महामंत्र, 8 उपाध्यक्ष और 9 मंत्री

करंट क्राइम। जिला कार्य समिति की टीम में अध्यक्ष के साथ 90 सदस्य रहेंगे। इन सदस्यों में 30 महिलायें होंगे। आठ अनुसूचित जाति के सदस्य होंगे। आठ उपाध्यक्ष होंगे, 3 महामंत्री होंगे, 8 मंत्री और एक कोषाध्यक्ष रहेंगे। जिला कार्यसमिति में 15 विशेष आमंत्रित सदस्य भी नियुक्त हो सकते हैं।

### ये रहेगा जिला कार्य समिति में आने का फॉरमेट

करंट क्राइम। जिला पदाधिकारी को दो बार का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य होगा। यानी वह वर्ष 2019 और वर्ष 2024 का सक्रिय सदस्य होना चाहिए। जिला पदाधिकारियों में सभी विधानसभाओं और मंडलों का समान प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा जाना है। जिला पर्यवेक्षक कोर कमेटी में प्राप्त नामों को लेकर उस जिले के जिलाध्यक्ष के साथ बैठकर जिला पदाधिकारियों की प्रस्तावित सूचि तैयार कर दो मार्च तक प्रदेश में लानी है। प्रदेश की सहमति के बाद ही जिलाध्यक्ष जिलापदाधिकारी और कार्यसमिति की घोषणा करेंगे। जिला आईटी संचालक, सोशल मीडिया संयोजक तथा मीडिया प्रभारी के लिए विशेषज्ञता वाले कार्यकर्ता का नाम तय करना चाहिए, जिनको सदस्य के रूप में स्थान देना है।


### जिन्होंने चुनाव में किया है काम उनका रखा जायेगा विशेष ध्यान

करंट क्राइम। कार्यसमिति मे उम्र सीमा रखी गयी है। कार्यकर्ता की उम्र 30 से लकर 50 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है । महिला और अनुसूचित जाति हेतू उम्रसीमा की बाध्यता नहीं है। कार्यकर्ता पूर्व में किसी ना किसी संगठनात्मक रूप से ऐसे दायित्व पर होना चाहिए जिनको कार्य का अनुभव हो। पदाधिकारी स्तर पर कम से कम दो बार का सक्रिय सदस्य होना चाहिए। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त नामों पर विचार करते समय उनकी सक्षमता, कार्यअनुभव का ध्यान रखना चाहिए। लोकसभा, विधानसभा चुनावों में कार्यरत रहे विस्तारकों की क्षमता, अनुशासन, समयबद्धता को ध्यान में रखकर उनका समायोजन किया जाना चाहिए। पूर्व मंडल अध्यक्षों को उनकी कार्यदक्षता अभियानों के कार्य आधार पर समायोजन किया जाना है।

# फ्लॉवर शो के दूसरे दिन भी छाया रहा खुशनुमा अंदाज

## मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे और की फ्लॉवर शो की प्रशंसा

### - जायकों पर उमड़ी भीड़ लिया स्वाद का आनंद










**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** गोल्फ लिंक स्थित लैंडक्राफ्ट सोसाइटी में आयोजित तीन दिवसीय भव्य फ्लावर शो एवं चटकारे मेले के दूसरे दिन शनिवार को भी सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। रंग-बिरंगे फूलों की मनमोहक छटा, आकर्षक सजावट और लजीज व्यंजनों की खुशबू ने मेले को उत्सव में बदल दिया। सुबह से ही परिवारों, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों का आना-जाना लगा रहा और पूरा परिसर सेल्फी पॉइंट में तब्दील नजर आया।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने फ्लावर शो पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन की भव्यता और सुव्यवस्थित प्रबंधन की सराहना की। इस दौरान उन्होंने आयोजक ललित जायसवाल से तैयारियों, विशेष आकर्षणों और प्रतिभागियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मेले में घूम रहे चर्चित आकर्षण लंबू जी से मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मुलाकात कर हाथ मिलाया और उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। उन्होंने आम लोगों से संवाद कर कार्यक्रम का आनंद ले रहे परिवारों का उत्साह बढ़ाया। मंत्री ने कहा कि जिस समर्पण और रचनात्मकता के साथ यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है और शहर की पहचान को नई ऊंचाई देता है।

### सदाबहार फूलों संग सेल्फी का क्रेज



करंट क्राइम : फ्लावर शो में सजाए गए सदाबहार, मौसमी और विदेशी प्रजातियों के फूल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। खूबसूरती से तैयार किए गए थीम गार्डन, कैक्टस कॉर्नर, नर्सरी स्टॉल और सजावटी पौधों की प्रदर्शनी के सामने लोग सेल्फी लेते नजर आए। युवा वर्ग और महिलाएं विशेष रूप से फूलों की कलात्मक सजावट के साथ तस्वीरें खिंचवाने में उत्साहित दिखीं। बच्चों के लिए झूले और खेल गतिविधियां तो थीं ही, साथ ही मंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी माहौल को जीवंत बनाए रखा। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।





### चटकारे मेले में जायकों की महक

करंट क्राइम : फ्लावर शो के साथ आयोजित चटकारे मेले में विभिन्न शहरों और प्रदेशों के व्यंजनों की स्टॉल लोगों को दूर से ही अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। गरमा-गरम पकवानों की खुशबू और फूलों की महक ने वातावरण को और भी सुगंधित बना दिया। चाय, स्नैक्स, पारंपरिक मिठाइयों से लेकर आधुनिक फास्ट फूड तक हर स्वाद के विकल्प यहां उपलब्ध रहे।

### आज को होगा रंगारंग समापन



करंट क्राइम : तीन दिवसीय इस आयोजन का समापन रविवार को होगा। मेले का शुभारंभ शुक्रवार को रविंद्र कुमार मांदड जिलाधिकारी गाजियाबाद) द्वारा किया गया था। आयोजक ललित जायसवाल ने बताया कि हर वर्ष मेले में आने वाले दर्शकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो इस आयोजन की लोकप्रियता का प्रमाण है। फ्लावर शो और चटकारे मेले ने न केवल शहरवासियों को मनोरंजन का अवसर दिया, बल्कि बागवानी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी संदेश दिया। पूरे आयोजन में उत्साह, रंग और खुशबू का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# कमिश्नरेट पुलिस होली-रमजान को लेकर अलर्ट

## एसीपी स्तर के अधिकारी सड़कों पर , धर्मगुरुओं संग बैठकें और फ्लैग मार्च



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** होली और रमजान के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर एसीपी स्तर के अधिकारियों को फील्ड में उतार दिया गया है, जो लगातार संवेदनशील इलाकों में भ्रमण, फ्लैग मार्च और धर्म प्रमुखों से संवाद कर रहे हैं। शनिवार को एसीपी घंटाघर कोतवाली उपासना पांडे ने शहर कोतवाल सचिन कुमार और विजयनगर थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में पैदल गश्त कर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान हिंदू और मुस्लिम समुदाय के प्रमुख लोगों के साथ बैठक कर दोनों त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। बैठक में स्पष्ट संदेश दिया गया कि किसी भी तरह की अफवाह, उकसावे या हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्रीय नागरिकों को शांति बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई।





### होली पर 24 घंटे एक्टिव रहेगा कंट्रोल रूम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने होली के दिन 24 घंटे कंट्रोल रूम को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं। किसी भी जोन में आपात स्थिति बनने पर डीसीपी स्तर के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचेंगे। साथ ही एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को शाम से देर रात तक सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की लगातार जांच की जाएगी।

### बॉर्डर इलाकों में सख्ती, ऑपरेशन प्रहार शुरू

करंट क्राइम : होली के दौरान शराब तस्करी और मादक पदार्थों की सप्लाई रोकने के लिए पुलिस ने 1 मार्च से 4 मार्च तक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। दिल्ली, नोएडा, हापुड़, बागपत और गौतमबुद्ध नगर से सटे थाना क्षेत्रों में बैरिकेडिंग कर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। ऑपरेशन प्रहार के तहत बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की गहन तलाशी ली जाएगी, ताकि अवैध शराब या नशीले पदार्थों की खेप शहर में प्रवेश न कर सके। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को भी सक्रिय कर दिया गया है। भड़काऊ पोस्ट, फर्जी वीडियो या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। पुलिस ने साफ कहा है कि त्योहारों की आड़ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा।

### पुलिस की अपील, शांति के साथ मनाएं त्योहार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने आम नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम या नजदीकी थाने को दें और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इस बार पुलिस कमिश्नरेट ने बहुस्तरीय रणनीति तैयार की है, ताकि होली और रमजान दोनों पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो ।

# लोनी मंडोला-मीरपुर में किसान महापंचायत आज

## पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट, सुरक्षा के कड़े इंतजाम


फाईल फोटो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी क्षेत्र के गांव मीरपुर हिंदू (मंडोला) में रविवार एक मार्च को सुबह 10 बजे से किसान अधिकार समान पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। होली पर्व से ठीक पहले आयोजित इस महापंचायत को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

पंचायत के संबंध में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव पश्चिम उत्तर प्रदेश टिनू चौधरी दुहाई की ओर से किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया है। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा गया है कि यदि पंचायत को बाधित करने का प्रयास किया गया तो किसान उसका जवाब देंगे। इस कार्यक्रम से जुड़े प्रमुख किसान नेताओं में राकेश टिकैत और नरेश टिकैत का नाम भी चर्चा में है। उनके संभावित आगमन को लेकर भी प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है।

### आवश्यकता अनुसार ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू होगा

करंट क्राइम : रैली व महापंचायत को लेकर पुलिस- प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि पंचायत शांतिपूर्ण ढंग से हो, यह प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की भड़काऊ भाषणबाजी, हुड़दंग या माहौल खराब करने की कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है, लेकिन होली को देखते हुए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

### पुलिस प्रशासन है तैयार, लखनऊ से भी निगरानी

करंट क्राइम : इस संबंध में सुरेंद्रनाथ तिवारी, डीसीपी ग्रामीण ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कानून-व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सतत गश्त, संवेदनशील बिंदुओं पर निगरानी और अफवाहों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मंडोला, मीरपुर हिंदू व आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल व पीएसी तैनात किया गया है। वहीं ड्रोन कैमरों व वीडियो रिकॉर्डिंग से निगरानी होगी। तो प्रमुख मार्गों पर चेकिंग अभियान, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सक्रिय और क्विक रिएक्शन टीम अलर्ट मोड में रहेंगी।



## संपादकीय

### सब्सिडी की राजनीति

सर्वोच्च न्यायालय ने मुफ्त योजनाओं के बढ़ते चलन पर पिछले हफ्ते नाराजगी जताई। अदालत की चिंता जायज है और इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों की सामूहिक प्रतिक्रिया जरूरी है। तमिलनाडु विद्युत वितरण निगम से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अंधाधुंध मुफ्त योजनाओं के जरिये वितरण देश की आर्थिक नींव को कमजोर कर सकता है। यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि कई प्रदेश राजस्व घाटे का सामना कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि वे सब्सिडी देने के लिए कर्ज ले रहे हैं या किसी न किसी योजना के तहत नकद राशि बांट रहे हैं। अदालत के पीठ ने यह भी कहा कि ऐसी योजनाओं की घोषणा अक्सर चुनाव से पहले की जाती है। अदालत ने माना कि राज्य का उन लोगों की मदद करने का दायित्व है जिन्हें शिक्षा और आवश्यक जन उपयोगी सेवाओं तक पहुंच नहीं है, लेकिन यह सहायता लक्षित होनी चाहिए।

सोलहवें वित्त आयोग ने भी सार्वजनिक वित्त पर इसके प्रभावों को रेखांकित करते हुए इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की है। वित्त आयोग द्वारा 21 राज्यों के विश्लेषण से पता चला कि 2025-26 में कुल सब्सिडी और हस्तांतरण के लिए 9.73 लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया था, जबकि 2018-19 में यह महज 3.86 लाख करोड़ रुपये था। संयुक्त राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के प्रतिशत के रूप में, सब्सिडी पर व्यय 2018-19 के 2.2 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 2.7 फीसदी हो गया। चालू वर्ष में नकद हस्तांतरण के लिए लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। अब राज्यों की सब्सिडी और हस्तांतरण योजनाओं में इसका हिस्सा 20 फीसदी है। सबसे बड़ा हिस्सा बिजली सब्सिडी का है, जो 27 फीसदी है। वर्ष 2023-24 के लिए कुल बिजली सब्सिडी बिल 2.60 लाख करोड़ रुपये था। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि बिल में राज्यों द्वारा प्रदान की गई वास्तविक सब्सिडी का स्तर कम करके दशार्या गया है। इसका कुछ हिस्सा राज्य बिजली वितरण कंपनियों के बही-खातों में दर्ज है, जो उनके संचित घाटे और ऋण में परिलक्षित होता है। राज्य सरकारों के अलावा, केंद्र सरकार भी विभिन्न प्रकार की सब्सिडी प्रदान करती है। महामारी के दौरान आवंटन में वृद्धि हुई, लेकिन बाद के वर्षों में इसमें कमी आई और चालू वर्ष में यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.76 फीसदी है। सब्सिडी आवंटन का अधिकांश हिस्सा खाद्य पदार्थों और उर्वरक के लिए जाता है।

वित्त आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह चिंताजनक है कि एक बार लागू होने के बाद सब्सिडी या नकद हस्तांतरण योजना स्थायी रूप से प्रभावी रहती है। चूंकि सरकारी व्यय का एक बड़ा हिस्सा सब्सिडी में जाता है, खासकर ऐसे समय में जब सार्वजनिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 80 फीसदी है, इस विषय पर गंभीर राष्ट्रीय बहस की आवश्यकता है।

# आज से सिम से लेकर यूपीआई पेमेंट तक बदलने वाले हैं नियम, सिम बाइंडिंग नियम होगा लागू!

**नई दिल्ली।** हर बार की तरह इस महीने भी 1 मार्च 2026 से कई नियमों में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। महीने की पहली तारीख अक्सर नीतिगत और प्रशासनिक परिवर्तनों के लिए अहम मानी जाती है, जिनका सीधा असर आम लोगों की दिनचर्या और जेब पर पड़ता है। आइए विस्तार से जानते हैं, किन नियमों में होने वाला है बड़ा बदलाव।




मोबाइल यूजर्स के लिए नया नियम लागू होगा जिसके तहत व्हाट्सएप और अन्य मैसेजिंग ऐप्स को उसी फोन के सक्रिय सिम से लिंक करना जरूरी होगा जिसमें एप चल रहा है। यानी जिस डिवाइस पर एप इस्तेमाल कर रहे हैं, उसमें संबंधित सिम का होना अनिवार्य होगा। साथ ही वेब या डेस्कटॉप लॉगिन के लिए छह घंटे का ऑटो लॉग-आउट नियम लागू किया जाएगा। यानी कि 6 घंटे के बाद अब से वेब या डेस्कटॉप अपने आप लॉगआउट हो जाएगा। इसका उद्देश्य फर्जी नंबरों और साइबर अपराधों पर रोक लगाना है।

**रेलवे का पुराना ऐप बंद :** 1 मार्च से रेलवे अपना पुराना वळर एप बंद कर रहा है। इसके बाद यात्री इसका इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने के लिए अब यात्रियों को नए फ्रंड्ल्ली एप का उपयोग करना होगा। इससे यात्रियों को नई प्रणाली अपनानी होगी। शुरूआत में तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं, लेकिन रेलवे का कहना है कि नया सिस्टम अधिक तेज, सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल होगा। इस नए एप में टिकट बुक करने पर आपको काफी छूट भी मिलेगी।

**एलपीजी की कीमतों में हो सकता है बदलाव :** हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी होती हैं। होली के त्योहार को देखते हुए लोगों को उम्मीद है कि इस बार कीमतों में राहत मिल सकती है, हालांकि अंतिम फैसला सरकार की घोषणा के बाद ही साफ होगा।

### न्यूनतम बैलेंस नियम में राहत

बैंकिंग से जुड़ा एक संभावित राहत भरा बदलाव भी सामने आ सकता है। कुछ सरकारी बैंक मिनिमम बैलेंस की गणना के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। पहले किसी एक दिन बैलेंस कम होने पर पेनल्टी लग जाती थी, लेकिन अब एवरेज मंथली बैलेंस (अटइ) के आधार पर शुल्क तय किया जा सकता है। यानी पूरे महीने का औसत बैलेंस महत्वपूर्ण होगा, जिससे ग्राहकों को पेनल्टी से बचने में आसानी हो सकती है।

**यूपीआई पेमेंट में बढ़ेगी सुरक्षा :** डिजिटल भुगतान को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए 1 मार्च से बड़े ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर सिर्फ यूपीआई पिन पर्याप्त नहीं होगा। बैंक उच्च राशि के लेनदेन के लिए अतिरिक्त सुरक्षा जैसे बायोमेट्रिक या मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर सकते हैं। बड़े अमाउंट के ट्रांजैक्शन पर अतिरिक्त वेरिफिकेशन लागू किया जा सकता है। यानी केवल यूपीआई पिन के बजाय बायोमेट्रिक या अतिरिक्त ऑथेंटिकेशन की जरूरत पड़ सकती है। इसका मकसद ऑनलाइन फ्रॉड को कम करना और यूजर्स की सुरक्षा बढ़ाना है।

### किराये को लेकर बदल सकते हैं नियम

किराये के नियमों में भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। नए या रिन्यू होने वाले रेंट एग्रीमेंट के लिए डिजिटल रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य किया जा सकता है। साथ ही सिक्योरिटी डिपॉजिट को अधिकतम दो महीने के किराए तक सीमित करने और मकान मालिक के प्रवेश से पहले पूर्व सूचना जैसे प्रावधानों पर जोर दिया जा रहा है, ताकि किरायेदार और मकान मालिक के बीच विवाद कम हों।

# सेबी का नया सर्कुलर

## क्या म्यूचुअल फंड योजनाओं की संरचना, नामकरण और पारदर्शिता में होगा बड़ा बदलाव?




**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) ने 26 फरवरी को एक नया परिपत्र जारी कर म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण और संरचना में व्यापक बदलाव किए हैं। सेबी की ओर से किए गए इन बदलावों में नई कैटेगरी भी जोड़ी गई, जिसमें कॉन्ट्रा फंड, सेक्टोरल डेट फंड और लक्ष्य आधारित लाइफ साइकिल फंड के साथ ही योजना के नामकरण, पोर्टफोलियो ओवरलैप और परिसंपत्ति आवंटन के लिए भी दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं।

**क्या है इसका उद्देश्य? :** इसका मुख्य उद्देश्य निवेशकों के लिए स्पष्टता और पारदर्शिता को बढ़ाने के साथ कई योजनाओं में दोहराव के जोखिम को कम करना भी है। परिसंपत्ति प्रबंधक कंपनियों (एएमसी) को परिपत्र जारी होने की तिथि से छह महीने के भीतर सभी मौजूदा योजनाओं में ये बदलाव लागू करने होंगे।

**मूल्य और कॉन्ट्रा फंड :** सेबी ने यह निर्धारित किया है म्यूचुअल फंड, वैल्यू फंड और कॉन्ट्रा फंड दोनों की पेश कर सकते हैं, लेकिन शर्त यह है कि दोनों के पोर्टफोलियो में 50 प्रतिशत से अधिक का ओवरलैप नही होना चाहिए।

सेक्टोरल और थीमेटिक इक्विटी योजनाओं के लिए समान कैटेगरी की अन्य इक्विटी योजनाओं और अन्य इक्विटी श्रेणियों (इसमें लार्ज कैप योजनाओं को शामिल नहीं किया गया है) के साथ ओवरलैप 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता।

# प्रति व्यक्ति आय में इजाफा, राष्ट्रीय आय में भी हुई 10.2% की वृद्धि, विदेशी निवेश में 18% उछाल

**नई दिल्ली।** देश में प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय वर्तमान में 1,92,774 रुपये आंकी गई है। शुद्ध राष्ट्रीय आय 271.44 लाख करोड़ रुपये है। यही नहीं, बचत के मोर्चे पर मजबूती दिखी है। इस कारण निवेश और पूंजी निर्माण के लिए घरेलू संसाधन आधार मजबूत हुआ है। आने वाले वक्त में कई देशों के साथ हुए व्यापार समझौते व घरेलू मांग के कारण निर्माण में बढ़ोतरी होगी। उपभोग व निर्यात में भी उछाल आने के आसार हैं।



जीडीपी के नवीनतम संशोधित आंकड़ों के मुताबिक, वर्तमान मूल्यों पर प्रति व्यक्ति निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए क्रमशः 1,07,910 रुपये 1,17,356 रुपये और 1,27,627 रुपये आंका गया। वर्ष 2024-25 में वर्तमान मूल्यों पर शुद्ध राष्ट्रीय आय 271.44 लाख करोड़ है। यह 2023-24 के 246.25 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 10.2% की वृद्धि दशार्ती है। जबकि 2023-24 में यह वृद्धि दर 11.6% थी।

देश में प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय वर्ष 2022-23, 2023-24 के लिए क्रमशः 1,59,557 रुपये व 1,76,465 रुपये है। जहां तक बचत की बात है, तो वर्ष 2024-25 में सकल बचत 111.13 लाख करोड़ रुपये थी। 2024-25 में सकल बचत में प्रमुख हिस्सेदारी घरेलू क्षेत्र की 62.1% तथा गैर-वित्तीय निगमों की 28.9% है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जहाँ एक ओर दुनिया में लोग भूखे मर रहे हैं वहीं हर साल दुनिया का आधे से अधिक खाना फेंक दिया जाता हैं।
- आप मानें या ना मानें पर डाक्टरों की अजीब तरह से लिखने की आदत हर साल 7000 लोगों की जान ले लेती हैं।
- करीब 72% के हैंडल घिसे हुए होते हैं।
- मोमबत्ती के ज्वाला में कई छोटे छोटे हीरे के टुकड़े होते हैं।
- वैसे तो जन्म और मृत्यु पर किसी का नियंत्रण नहीं होता पर चीन में बिना सरकारी इजाजत के किसी का पुर्नजन्म नहीं हो सकता।
- हर वो सिगरेट जिसका धुआं आपके शरीर में जाता हैं आपकी जिंदगी के 11 मिनट कम कर देता हैं।
- धरती के 80% जीव कीड़े मकोड़े हैं।
- माइकल जैक्सन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले में ही मारे गए होते पर वो घर पर सोए ही रह गए और उनकी मीटिंग कैंसल हो गई।
- सुअरों की शारीरिक बनावट ऐसी होती हैं कि वे आकाश नहीं देख सकते।
- कोई नहीं जानता कि अग्निशामक यंत्र का आविष्कार किसने किया क्योंकि इसका पेटेंट आग में जलकर नष्ट हो गया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पिंटू- बताओ रोज बादाम खाने से क्या होता है?
मिंटू- एक तो बादाम खत्म होगा और दूसरा पैसा खर्च होगा।

गोलू- तुम क्या काम करते हो?
मोलू- मैं पायलट हूं।
गोलू- कौन सी एयरलाइंस में?
मोलू- अरे मैं शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं।
कंडक्टर- अरे, क्यों लड़ रही हो?
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं।

## 01 03 2026 करंट क्राइम — आज के जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन




नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार

वाणी हंस, कीर्ति मित्तल, रविंदर कुमार आर्य, जुबैर अख्तर, नवनीत मित्तल, त्रिलोक सिंह, अजय कुमार गौतम, अनिल चौधरी, अरूण खुटैल, अरविन्द चौहान, देशराज जाटव, रामबीर कश्यप, सुबोध शर्मा, आरके राठौड़, रूबल गौड़, सुधीर कुमार, सुनील चौधरी, सुनील जैन, वरूण भटनागर, ब्रजेश यादव, अमित चौहान, अरूण कुमार, बच्चू सिंह, धनजीत सिन्हा, इमैनुएल अथमकुरी, निखिल यदुवंशी, प्रकाश सिंह, राकेश कुमार, सागर कौशिक, उमाशंकर तोमर, अरविंद कुमार, ओमवीर यादव, नरेश तोमर, राजेंद्र तोमर, रविंद्र तोमर, आशीष अग्रवाल, भरत चौधरी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी





# लवलीना और निकहत की अगुआई में उतरेगा भारत
## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारत ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। इसकी अगुआई ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और निकहत जरीन करेंगी।



ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की 20 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी। भारत ने एक महीने तक चली गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था।

**राष्ट्रमंडल खेल और एशियाड के लिए अहम है टूर्नामेंट:** चयन नीति के अनुसार एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए चुना जाएगा। इससे इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का महत्व बढ़ गया है। स्पेन में हाल ही में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली लवलीना (75 किग्रा) महिला टीम की अगुआई करेंगी। स्पेन में स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्य खिलाड़ियों प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम में शामिल हैं। महिला वर्ग में अन्य खिलाड़ियों में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता निकहत जरीन (51 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक) को टीम में जगह दी गई है।

पुरुषों के वर्ग में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता सचिन (60 किग्रा) टीम की अगुआई करेंगे। उनके साथ आकाश (75 किग्रा) भी शामिल हैं, जिन्होंने स्पेन में स्वर्ण पदक जीता था।

# आगा पर गिरेगी गाज, छिन सकती है कप्तानी



**कराची।** पाकिस्तान की टीम टी20 विश्व कप में हिस्सा ले रही है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम में बड़े बदलाव की तैयारियां शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी टीम के प्रदर्शन से नाखुश हैं।

पाकिस्तान का सफर भले ही टी20 विश्व कप में अभी समाप्त नहीं हुआ है और वह सेमीफाइनल की दौड़ में बना हुआ है।

इससे पहले ही हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट में उथल-पुथल शुरू हो गई है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, टूर्नामेंट में पाकिस्तान का अभियान कैसा भी रहे, लेकिन सलमान अली आगा की कप्तानी जाना तय है। इतना ही नहीं ये टी20 विश्व कप कुछ सीनियर खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी टूर्नामेंट भी हो सकता है।

सूत्र ने कहा कि ऐसे में विश्व कप के बाद पाकिस्तान की टी20 टीम में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

### किसे मिल सकती है कमान

सूत्र ने कहा कि सलमान अली, बाबर आजम, उस्मान खान और अन्य कुछ खिलाड़ियों का विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में भविष्य आगे नजर नहीं आ रहा है। सलमान की जगह शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी को कप्तान सौंपने पर विचार किया जा रहा है। सूत्र ने यह भी बताया कि विश्व कप से पहले ही हेसन ने नकवी को संकेत दे दिया था कि टूर्नामेंट के बाद पाकिस्तान को कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल कर उन्हें स्थापित करना होगा और आधुनिक टी20 क्रिकेट की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ना होगा।

### टीम के अभियान से खुश नहीं नकवी

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान का टूर्नामेंट में जिस तरह सफर रहा है उससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी नाखुश हैं। सूत्र ने कहा कि नकवी अभियान से खुश नहीं हैं क्योंकि चयनकर्ता, टीम प्रबंधन और उनके करीबी लोगों ने उन्हें आश्वस्त किया था कि टी20 विश्व कप में टीम का अभियान शानदार रहेगा। सूत्र के मुताबिक, नकवी ने सलमान को टी20 कप्तान पद से हटाने का मन बना लिया है और इसके साथ ही कुछ खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर मुख्य कोच माइक हेसन और चयनकर्ताओं के साथ चर्चा भी की है।

टी20 अंतरराष्ट्रीय में 145 मैचों का अनुभव रखने वाले बाबर के बारे में भी कयास लगाए जा रहे हैं कि पाकिस्तान की टीम अगर सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रही तो श्रीलंका के खिलाफ सुपर आठ चरण का मैच उनके करियर का आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय साबित होगा।

# झारखंड हाउसिंग बोर्ड ने धोनी को थमाया नोटिस, आवासीय प्लॉट से जुड़ा है मामला

**रांची।** झारखंड हाउसिंग बोर्ड ने पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को रांची स्थित आवासीय भूखंड के कथित दुरुपयोग के मामले में नोटिस जारी किया है। बोर्ड का आरोप है कि आवंटित भूखंड का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जो आवासीय नियमों का उल्लंघन है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर भूखंड का आवंटन रद्द किया जा सकता है।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी को झारखंड हाउसिंग बोर्ड ने आवासीय भूखंड के कथित दुरुपयोग को लेकर नोटिस जारी किया है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर भूखंड आवंटन रद्द किया जा सकता है।

झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को रांची स्थित उनके एक आवासीय भूखंड के कथित दुरुपयोग के मामले में नोटिस भेजा है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।




**पासवान ने बताया कि नियमों और प्रावधानों के कथित उल्लंघन की जानकारी बोर्ड द्वारा की गई जांच के दौरान सामने आई। जांच के निष्कर्षों के आधार पर धोनी को अंतिम नोटिस जारी कर संपत्ति के कथित दुरुपयोग के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। अधिकारी ने यह भी कहा कि यदि नोटिस का पालन नहीं किया गया या संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो बोर्ड भूखंड का आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। यह कार्रवाई निर्धारित नियमों और आवासीय भूमि उपयोग से जुड़े प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।**

नोटिस में कहा गया है कि विश्व कप विजेता कप्तान को आवंटित यह भूखंड केवल आवासीय उपयोग के लिए दिया गया था। लेकिन अधिकारियों का दावा है कि इस संपत्ति का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जो आवंटन की शर्तों का उल्लंघन है।

झारखंड हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने फोन पर आज तक को बताया कि बोर्ड ने यह जमीन कई लोगों को आवासीय उद्देश्य से आवंटित की थी।

हालांकि, जब यह रिपोर्ट मिली कि जमीन का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, तो धोनी सहित कई अधिकारियों और दर्जनों अन्य लोगों को भी नोटिस जारी कर यह पूछा गया कि आवासीय भूखंड का उपयोग वाणिज्यिक रूप से क्यों किया जा रहा है।

धोनी पहले हरमू रोड स्थित इसी संपत्ति में निवास कर चुके हैं, जो अब जांच के दायरे में है।

विवाद तब शुरू हुआ जब आरोप सामने आए कि हरमू रोड स्थित परिसर से एक डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित किया जा रहा है। इसके बाद हाउसिंग बोर्ड ने औपचारिक जांच शुरू की। इसी बीच, हरमू रोड पर स्थित भाजपा के राज्य कार्यालय के संबंध में भी आवासीय भूखंड के गैर-आवासीय या व्यावसायिक उपयोग के आरोप सामने आए हैं।

इस मामले में भी बोर्ड पहले नोटिस जारी कर चुका है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों की जांच फिलहाल जारी है और जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, उनके अनुसार उचित कदम उठाए जाएंगे।

# आंखों में आंसू, दिल में देश; पिता को खोकर लौटे भारतीय खिलाड़ियों के त्याग-हौसले को सलाम

**नई दिल्ली।** रिंकू सिंह शनिवार को टीम इंडिया से जुड़ जाएंगे। निजी दुख के सबसे कठिन पलों में उन्होंने देश के लिए अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा। यहां हम उन खिलाड़ियों की चर्चा करेंगे जिन्होंने पुत्र धर्म निभाते हुए राष्ट्र धर्म की ऐसी मिसाल पेश की, जिसे हर भारतीय ने गर्व से सलाम किया।

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में कई ऐसे पल आए हैं जब खिलाड़ियों को अपने निजी जीवन और देश के बीच कठिन चुनाव करना पड़ा। कुछ ने अंतिम संस्कार के लिए घर लौटकर फिर मैदान संभाला, तो कुछ ने दिल पर पत्थर रखकर देश के लिए खेलना जारी रखा। इन घटनाओं ने सिर्फ क्रिकेट नहीं, बल्कि कर्तव्य, त्याग और भावनाओं की गहराई झलकती है।

हाल ही में रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का निधन हो गया। वह लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। पिता के अंतिम दर्शन के लिए रिंकू अलीगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने नम आंखों से उन्हें






विदाई दी। ऐसे कठिन समय में उनका वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में खेलना संदिग्ध माना जा रहा था, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने स्पष्ट किया कि रिंकू शनिवार को कोलकाता में टीम से जुड़ेंगे।

यह फैसला बताता है कि एक बेटा अपने पिता को अंतिम विदाई देने के बाद भी अपने पेशेवर दायित्व से पीछे नहीं हटता। रिंकू के संघर्षों में उनके पिता की अहम भूमिका रही थी। अब उसी सपने को आगे बढ़ाना उनके लिए पुत्र धर्म के साथ-साथ राष्ट्र धर्म भी है।

आज दुनिया के महान बल्लेबाजों में शुमार विराट कोहली के जीवन में 18 दिसंबर 2006 की रात हमेशा के लिए दर्ज है। रणजी ट्रॉफी में दिल्ली बनाम कर्नाटक मुकाबले के दौरान उनके 54 वर्षीय पिता प्रेम कोहली का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उस वक्त 18 वर्षीय विराट 40 रन बनाकर नाबाद थे और दिल्ली को फॉलोऑन से बचाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। कोच और साथियों ने उन्हें घर जाने की सलाह दी, लेकिन विराट ने फैसला किया कि वह पहले टीम को संकट से उबारेंगे। अगले दिन उन्होंने 90 रनों की जुझारू पारी खेली, टीम को फॉलोऑन से बचाया और फिर सीधे अंतिम संस्कार के लिए रवाना हो गए।

# 91 साल के इतिहास में पहली बार चैंपियन बना जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक को पारी की बढ़त के आधार पर हराया

**हुबली।** जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ इतिहास रचते हुए पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। जम्मू-कश्मीर की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची थी और उसने पहली पारी में बढ़त के आधार पर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है।

जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रचते हुए रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ ये मुकाबला पहली पारी में बढ़त के आधार पर अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल की थी। पांचवें दिन जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 342 रन बनाए और उसकी कुल बढ़त 633 रनों की हो गई थी। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने पारी घोषित करने का फैसला किया। इसके बाद दोनों टीमों के कप्तान दिन का खेल समाप्त करने पर सहमत हुए और मैच ड्रॉ रहा। इस तरह जम्मू-कश्मीर ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ली।

### इकबाल-साहिल के बीच बड़ी साझेदारी

जम्मू-कश्मीर के लिए इस मैच में आकिब नबी डार ने पहली पारी में पांच विकेट झटके, जबकि दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल और साहिल लोटरा ने शानदार साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 197 रनों की अविजित साझेदारी की। इकबाल 311 गेंदों पर 16 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 160 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि साहिल ने 226 गेंदों पर आठ चौकों और तीन छक्कों के सहारे नाबाद 101 रन बनाए।



### विकेट के लिए तरसे कर्नाटक के गेंदबाज

जम्मू-कश्मीर ने पांचवें दिन दूसरी पारी चार विकेट पर 186 रन से आगे बढ़ाई। पांचवें दिन कर्नाटक के गेंदबाज विकेट के लिए तरस गए। जम्मू-कश्मीर के लिए इकबाल और साहिल ने मोर्चा संभाला और कर्नाटक के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। पहला सत्र पूरी तरह इकबाल और साहिल के नाम रहा। इकबाल ने पहले शतक पूरा किया और फिर साहिल भी पीछे नहीं रहे। दोनों बल्लेबाजों ने लंच ब्रेक तक कर्नाटक को एक भी सफलता हासिल नहीं करने दी। स्थिति इतनी खराब रही कि कर्नाटक के गेंदबाज पांचवें दिन का खेल समाप्त होने तक इस साझेदारी को नहीं तोड़ सके और मैच अंत में ड्रॉ रहा। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट मिले, जबकि विजयकुमार विशाक और श्रेयस गोपाल को एक-एक सफलता मिली।

# मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोलकाता में कालीघाट मंदिर के किए दर्शन, विंडीज के खिलाफ मैच से पहले की पूजा

**कोलकाता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार को कोलकाता में टी20 विश्व कप का मैच होना है। इससे पहले टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कालीघाट मंदिर में दर्शन करने पहुंचे हैं।



भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोलकाता स्थित कालीघाट मंदिर के दर्शन किए। गंभीर शनिवार को कालीघाट मंदिर पहुंचे और उन्होंने मां काली के दर्शन किए। भारत का टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में सामना अब वेस्टइंडीज से है। दोनों टीमों के बीच ये मैच कोलकाता के ईडेन गार्डेंस में रविवार को खेला जाना है। भारत के लिए यह मैच वर्चुअल नॉकआउट की तरह है।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ क्यों अहम है मैच

भारतीय टीम शुक्रवार को कोलकाता पहुंच गई थी। भारत के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबला काफी अहम है क्योंकि अगर टीम ये मैच जीत लेती है तो वह सेमीफाइनल में जगह बना लेगी, जबकि विंडीज का सफर सुपर आठ चरण में ही थम जाएगा। गंभीर भी इस मैच का महत्व बखूबी समझते हैं। गंभीर अक्सर मंदिर जाते रहे हैं और इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले उन्होंने मां काली के दर्शन किए हैं।

### कोलकाता में बेहतर है भारत का रिकॉर्ड

भारत के लिए राहत की बात यह है कि कोलकाता में टी20 में उसका रिकॉर्ड बेहद शानदार है। वहीं, वेस्टइंडीज का ईडेन गार्डेंस पर रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। वेस्टइंडीज ने कोलकाता में कुल सात टी20 मुकाबले खेले हैं जिसमें से तीन में उसे जीत मिली है, जबकि चार मैच टीम ने गंवाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि वेस्टइंडीज को इस मैदान पर सभी हार भारत के खिलाफ ही मिली है। टी-20 विश्व कप की बात करें तो भारत ने ईडेन गार्डेंस पर सिर्फ एक मैच खेला है।

2016 टी20 विश्व कप में भारत का सामना इसी मैदान पर पाकिस्तान से हुआ था जहां भारतीय टीम छह विकेट से जीत दर्ज करने में सफल रही थी। कोलकाता में भारत ने खेले कुल नौ टी20 मैच में से सात जीते हैं, जबकि एक मैच गंवाया है और एक मुकाबला रद्द रहा है।

# किस तरह फोरेस्ट के खिलाफ गुकेश ने गंवाई बाजी
## पहली जीत की तलाश जारी, अरविंद ने खेला ड्रॉ

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के लिए प्राग मास्टर्स में चीजें अनुकूल नहीं चल रही हैं। गुकेश को अब भी पहली जीत का इंतजार है और उन्होंने तीसरे दौर में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट से मुकाबला गंवा दिया है।



विश्व चैंपियन डी गुकेश को प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अरविंद चिदंबरम ने ईरान के परहम मगसूदलू के साथ ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में लगे गुकेश ने वैन फोरेस्ट के खिलाफ शुरू से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। वह मैच में किसी भी समय अपनी पकड़ नहीं बना पाए।

**फिर संयुक्त बढ़त पर पहुंचे फोरेस्ट:** फोरेस्ट ने सफेद मोहरों से खेलते हुए रूय लोपेज शैली का इस्तेमाल किया और टाटाकोवर वेरिएशन में बिशप की जोड़ी के साथ शुरूआती बढ़त हासिल कर ली। इससे भारतीय खिलाड़ी दबाव में आ गया और उन्हें अपना एक मोहरा गंवाना पड़ा। तकनीकी पेचीदगियां तो बनी रहीं, लेकिन तब तक फोरेस्ट जीत की स्थिति में नहीं दिख रहे थे। रानी के आदान-प्रदान के बाद गुकेश की स्थिति खराब हो गई और फोरेस्ट ने 48 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से फोरेस्ट ने फिर से संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। वह इस प्रतियोगिता में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनके तीनों मैच का निर्णय निकला।

# वरुण या कुलदीप किसे मिलेगा मौका, किस तरह बढ़ी भारत की चिंता, सैमसन-रिंकू पर भी नजर




**कोलकाता।** भारत के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबला काफी अहम है। इसे देखते हुए टीम प्रबंधन के सामने सही प्लेइंग-11 चुनने की भी चुनौती है। देखना दिलचस्प होगा कि भारत पुराने संयोजन पर बरकरार रहता है या इसमें कोई बदलाव करता है।

टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारत को हर हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच जीतना होगा। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद से टीम ने सबक लिया और जिम्बाब्वे के खिलाफ दमदार वापसी की। भारतीय बल्लेबाजों ने यह दिखाया था कि उनकी बल्लेबाजी कितनी मजबूत है, लेकिन गेंदबाजी टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वहीं, प्लेइंग-11 के संयोजन ने भी भारत की चिंता बढ़ा दी है।

### क्यों वर्चुअल नॉकआउट बना मुकाबला

भारत और वेस्टइंडीज के बीच सुपर आठ का ये मुकाबला वर्चुअल नॉकआउट की तरह है। दोनों ही टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब हैं और जो भी टीम ये मैच जीतेगी, वो सेमीफाइनल में प्रवेश कर लेगी।

वेस्टइंडीज की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण फिलहाल ग्रुप-1 की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है।

### बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावना कम

इस बात की संभावना कम है कि भारत बल्लेबाजी क्रम में किसी तरह का बदलाव करेगा। रिंकू सिंह को फिर बाहर बैठना पड़ सकता है क्योंकि सैमसन को जिस कारण टीम में लाया गया था, उन्होंने वो भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में रन बरसते नजर आ सकते हैं, ऐसे में भारत बल्लेबाजी मजबूत रखना चाहेगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को भी मोर्चा संभालना होगा।

### शिवम दुबे की फॉर्म ने बढ़ाई चिंता

एक और चिंता ऑलराउंडर शिवम दुबे का गेंदबाजी में अनियमित प्रदर्शन है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दुबे ने सिर्फ दो ओवरों में 46 रन लुटाए, जिसमें 10 गेंदों के एक ओवर में चार वाइड और दो नोबॉल शामिल थीं। मुख्य कोच गौतम गंभीर का ऑलराउंडर के प्रति आकर्षण जगजाहिर है, लेकिन ईडन पिच पर दुबे की मध्यम गति की गेंदबाजी वेस्टइंडीज के सामने उलटी पड़ सकती है।


भारत अगर वेस्टइंडीज को हरा देगा तो उसके चार अंक हो जाएंगे और वह दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगा।

**अभिषेक की फॉर्म में वापसी से मिली राहत:** भारत के लिए राहत की बात यह है कि अभिषेक शर्मा फॉर्म में वापस लौट आए हैं। अभिषेक ने टूर्नामेंट के शुरुआती तीन मैच में खाता भी नहीं खोला था, लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की थी। भारतीय टीम प्रबंधन को उम्मीद होगी कि अभिषेक का बल्ला वेस्टइंडीज के खिलाफ भी चले। हालांकि, देखना दिलचस्प होगा कि इस मैच के लिए भारत की तरफ से ओपनिंग करने कौन आता है। जिम्बाब्वे के खिलाफ संजू सैमसन और अभिषेक ने ओपनिंग की थी। संजू ने केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा।

उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया। सैमसन को रिंकू सिंह की जगह मौका मिला था। अब अगर सैमसन फिर खेले तो यह तय है कि एक बार फिर वह ओपनिंग करने उतरेंगे और ईशान किशन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आएंगे।

**वरुण और कुलदीप के बीच चयन मुश्किल:** भारत के बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। जिम्बाब्वे के खिलाफ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अच्छी गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं। यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे।

वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें कीं और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस मैच में अनुभवी सिकंदर रजा ने उन्हें निशाने पर रखा।




# अजय गुप्ता के फाल्गुन महोत्सव भजन संध्या में बरसा भक्ति का रंग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा वरिष्ठ समाजसेवी अजय गुप्ता ने होली पर्व पर फाल्गुन महोत्सव और भजन संध्या का आयोजन किया। श्रीनाथ बैंकट हॉल में आयोजित फाल्गुन महोत्सव में भक्ति का रंग जमकर बरसा। खाटू वाले श्याम बाबा के पावन कीर्तन में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। इस शुभ अवसर पर सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनायें दीं और भजन संध्या का आनंद लिया। अजय गुप्ता, रमा गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, आयुष गुप्ता, अपूर्वा अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, अव्यंम, अयांश सहित गुप्ता परिवार के सभी सदस्यों ने फाल्गुन महोत्सव में आये सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

## युवक की मौत में नया मोड़, हत्या का आरोप

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** जंगल में विगत 6 फरवरी को मिले कादिर के शव को लेकर शनिवार को नया मोड़ सामने आया है। मृतक के पिता ने एसीपी से शिकायत कर हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि कादिर को गांव निवासी युवक बुलाकर ले गया था। पुलिस ने प्रकरण में नये सिरे से जांच शुरू कर दी है। जनपद मेरठ थाना परतापुर के गांव सौलाना निवासी कादिर का शव विगत छह फरवरी को जंगल में मिला था। जांच में सामने आया था कि हाईटेंशन बिजली की लाइन की चपेट में आने से कादिर की मौत हुई थी। शनिवार को मृतक के पिता फरमान एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा के कार्यालय पहुंचे और बताया कि उनके पुत्र कादिर की हत्या की गई है। पिता ने बताया कि पांच फरवरी की रात गांव निवासी एक युवक का कादिर को कॉल आया था। कॉल रिसीव करने के बाद कादिर घर से चला गया था। आरोप है कि हत्या को हादसा दशार्ने के मकसद से बिजली के तारों को क्षतिग्रस्त किया था। एसीपी भाष्कर वर्मा का कहना है कि कादिर की मौत बिजली का करंट लगने से हुई थी, यह जांच में सामने आया था। परिजन के द्वारा हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है। जिसकी जांच कराई जाएगी।

## किसान को मृत दिखाकर युवक के नाम की पट्टे की जमीन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** किसान को मृत दिखाकर उसके पट्टे की जमीन किसी युवक के नाम करने का मामला सामने आया है। जिसके नाम जमीन की गई है, उसके मृतक पिता व किसान का एक ही नाम है। इसी का फायदा उठाकर युवक ने लेखपाल से सांठगाठ कर किसान को मृत दिखाया और जमीन अपने नाम करा ली। गांव त्योडी- 13 बिस्वा निवासी इंसाफ किसान हैं। उनके मुताबिक, तहसील प्रशासन की तरफ से उन्हें 1997 में गांव में ही पट्टा आवंटित हुआ था। जिस पर वे खेती करते है। गांव के ही एक युवक की उनके इस पट्टे पर नजर थी। इस युवक के पिता का नाम भी इंसाफ था, जिसकी मौत 2007 में हुई। आरोप है कि इसके मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर आरोपी युवक ने लेखपाल ने सांठगांठ की और किसान इंसाफ को मृत दिखाकर पट्टा अपने नाम करा लिया। अब पीड़ित जीवित दिखाने के लिए तहसील के चक्कर काट रहे हैं। अधिकारियों के साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस में भी शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। मामले में एसडीएम मोदीनगर अजित कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। किसी के साथ गलत नहीं होने दिया जाएगा।

# दिव्यांगजनों संग रंगों में सराबोर हुए मंत्री नरेंद्र कश्यप

## बोले, होली हमारी एकता, प्रेम और भाईचारे को मजबूत करती है









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होली के पावन अवसर पर दिव्यांगजनों के साथ आयोजित विशेष होली मिलन उत्सव में प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन भागीरथ सेवा संस्थान सेक्टर 23 की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों और दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 'फागुन आयो रे' की थीम पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। दिव्यांग बच्चों ने होली गीतों पर नृत्य और समूह प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बच्चों के साथ गुलाल खेला, उन्हें मिठाई वितरित की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा होली का त्योहार केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम करते हैं। दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी खुशियों में सहभागी बनना हम सबका दायित्व है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयासरत है।

समाज की सकारात्मक सोच और सहयोग से ही समावेशी वातावरण का निर्माण संभव है।

संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि इस विशेष होली मिलन उत्सव का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के भीतर आत्मविश्वास जगाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और रंगों के साथ प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। पूरे आयोजन में उल्लास, उमंग और भाईचारे का माहौल रहा। रंगों की बौछार, संगीत की धुन और मुस्कुराते चेहरों के बीच होली का यह उत्सव सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बन गया।

## भक्ति के रंग में रंगा गाजियाबाद

## राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने प्रज्वलित की श्याम बाबा की पावन जोत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फागुन मास की पावन 'रंगभरी (आमलकी) एकादशी' के अवसर पर श्याम मार्ग स्थित श्री बालाजी एवं खाटू श्यामजी मंदिर के प्रांगण में एक भव्य और विशाल संगीतमय संकीर्तन का आयोजन किया गया। उत्सव में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल के करकमलों द्वारा श्याम बाबा की पावन जोत प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को एकादशी की शुभकामनाएं दीं।

## आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) में मार्कफेस्ट-2026 का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 19वें इंटर-इंस्टीट्यूशनल मार्केटिंग कार्निवल मार्कफेस्ट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीए (डॉ.) राकेश छारिया, निदेशक प्रो.(डॉ.) जसकिरण कौर, मुख्य अतिथि विशाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि आरजे राहुल माकिन ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।

आयोजन में डिजाइन थिंकिंग, एआई आधारित विज्ञापन, रील मेकिंग, ब्रांड प्रस्तुतीकरण और फैशन फ्यूजन सहित छह प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दिल्ली-एनसीआर के 31 संस्थानों के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर रचनात्मकता और प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन किया। समापन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को नवाचार, टीमवर्क और व्यावहारिक अनुभव का प्रभावी मंच प्रदान किया।

## कार की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मार्निंग वाक के दौरान महिला को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मोदीनगर निवासी अमित गर्ग के मुताबिक, उनकी पत्नी पिंकी रोजाना मार्निंग वाक करती हैं। सुबह करीब पांच बजे वे दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गोविंदपुरी में सड़क किनारे वाकिंग कर रही थीं। इसी बीच पीछे से वैगनआर कार आई और पिंकी को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि पिंकी काफी दूरी जाकर गिरी। उन्हें आनन-फानन में एक नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। आरोपी चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि कार चालक की तलाश की जा रही है।




## कौन सा जोन खेलेगा जोरदार होली

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों मीटिंग और अभियानों का शोर जमकर सुनाई दे रहा है। तो इस बार की होली को लेकर भी कहा जा रहा है कि त्योहार पर गर्मी वाला सीन और फील आ गया है। इस बार पुलिसकर्मियों को होली पर रंग उड़ाते और गुलाल खेलने की अनुमति मिल गई है। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से बताया है कि कई जगह पकौड़ों और ठंडाई के साथ अन्य व्यवस्था की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि रेलवे लाइन के बराबर वाले एक खास कार्यालय में न सिर्फ कढ़ाई चढ़ेगी बल्कि हलवाई को भी बुलाया जा रहा है। वैसे भी जब सालभर में एक बार आने वाले त्योहार की तैयारी शुरू होती है, तो उसका रंग और माहौल भी अलग ही नजर आने लगता है। वहीं इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा है कि कौन सा जोन ज्यादा दमदार ढंग से होली का आनंद लेगा। वैस पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से सिटी वालों का दमखम बढ़ रहा है। कभी थानों की संख्या में इजाफा होता है, तो कभी महत्वपूर्ण चार्ज मिल जाता हैं। तो कहने वाले यह बता रहे हैं कि सिटी वाले जोन की होली जोरदार होने वाली है। बताया जा रहा है कि कई ऑफिस और थानों में बाकायदा डीजे भी बुक करवा दिया गया हैं और 5 मार्च के लिए मैसेज भी टाइप कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि अधिकारियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा ताकि वहां का आयोजन भव्य और यादगार बन जाए। इन सबके बीच जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम और प्रदेश के अधिकारियों के लिए 1 मार्च से 7 मार्च तक छुट्टी पर न जाने का आदेश आ गया है, उसके बाद कई नव सब इंस्पेक्टर की टेंशन बढ़ गई है। अब उनको ड्यूटी वाला सीन नजर आ रहा है, तो बताया जा रहा है कि अधिकारियों की ओर से भी निर्देश जारी कर दिया गया है कि ड्यूटी का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन सबके बीच जानकारी मिली है की होली के बाद सिटी वाले जोन के कई थानों में रिबन कटने हैं। तो कई जगह बड़े खाने का भी आयोजन किया जाना हैं। देखना होगा कि तीन थानों में से कौन सा थानेदार बड़ा दिल और जेब ढीली करता है। वैसे सुनने में आ रहा है कि थानों के साथ ही एक खास परिसर में भी कई तरीके के आयोजन किए जाएंगे।




## परिवर्तन ही शाश्वत सत्य : सुख-दुख के चक्र में धैर्य ही जीवन का आधार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मानवीय जीवन की व्यवस्थाएं पूरी तरह अस्थाई हैं। यहाँ न तो सुख की धूप स्थायी है और न ही दुख की छाया। जीवन के इसी सत्य को रेखांकित करते हुए विचारक रमन गुप्ता ने समाज को एक नई राह दिखाई है। उनका मानना है कि समय का पहिया निरंतर घूमता रहता है, इसलिए परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, मनुष्य को अपना मानसिक संतुलन नहीं खोना चाहिए।

रमन गुप्ता के अनुसार, जब जीवन में सुख का समय आए, तो उसे व्यर्थ गंवाने के बजाय उसका भरपूर आनंद लेना चाहिए। हालांकि, इस दौरान यह बोध होना आवश्यक है कि यह समय सदैव रहने वाला नहीं है। वहीं, दुख की घड़ी में घबराने के बजाय 'चिंता' को त्यागकर 'चिंतन' का मार्ग अपनाना चाहिए। धैर्य के साथ विपत्ति को काटना ही समझदारी है। सुख और दुख हमारे ही कर्मों का प्रतिफल हैं। जिस प्रकार ऋतुएं बदलती हैं, उसी प्रकार कर्म अनुसार जीवन में परिस्थितियां आती-जाती रहती हैं। रमन गुप्ता ने कहा, 'विचलित होकर कभी भी स्वयं का अहित करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। स्थिरता ही वह कुंजी है जो हमें कठिन समय से बाहर निकालती है।' सुख में यह याद रखें कि समय बदल सकता है। दुख में आत्मघाती कदम उठाने या विचलित होने के बजाय शांत रहें। जीवन की अस्थिरता को स्वीकार करना ही मानसिक शांति का मार्ग है।

# ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को जानने दिल्ली रवाना हुए गाजियाबाद के छात्र






### -बीएसए ओम प्रकाश यादव ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना, छात्रों को दिया 'सीखने के साथ अनुभव' का मंत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए गुरुवार का दिन नई ऊर्जा और जिज्ञासा से भरा रहा। बच्चों को देश की गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत से रूबरू कराने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव ने कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर छात्रों की बस को दिल्ली के लिए रवाना किया। जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) अनुभव गुप्ता के संयोजन में आयोजित इस यात्रा में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से चयनित छात्र शामिल हुए। अमर जवान ज्योति (इंडिया गेट), वेस्ट टू वंडर पार्क, राजीव गांधी स्मृति वन, लाल किला आदि की जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए बीएसए ओम प्रकाश यादव ने कहा, पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होता है। ऐसे भ्रमण छात्रों में राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक जागरूकता को सुदृढ़ करते हैं। जिला व्यायाम शिक्षक राजकुमार ने विद्यार्थियों को सुरक्षा और टीम भावना बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में एसआरजी पूनम शर्मा, प्रधानाध्यापक राजपाल सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के सफल और सुरक्षित सफर की कामना की।

यह शैक्षिक भ्रमण न केवल छात्रों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बनेगा, बल्कि उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देगा।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता अजय शर्मा ने लम्बे प्रयास और अपनी पढाई को सफलता पूर्वक पूरा करते हुए उस परीक्षा को पास कर लिया है जिसे डॉक्टरेट कहते हैं। अब अजय शर्मा को विधिवत रूप से डॉक्टर अजय शर्मा के नाम से जाना जायेगा। डॉक्टरेट की इस सफलता को अजय शर्मा ने फेसबुक पर साझा किया। मित्रों, शुभचिंतों , समर्थकों की बधाई का सैलाब डा. अजय शर्मा की इस पोस्ट पर आया। डॉक्टरेट की खुशी को साझा करती ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।






# ईरान-इस्राइल-यूएस की बमबारी
# पाकिस्तान ने किया तेहरान का समर्थन

**नई दिल्ली।** ईरान पर इस्राइल और अमेरिका के ताजा हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, रूस, फ्रांस और नॉर्वे समेत कई देशों ने तत्काल हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की है।

रूस ने इस्राइल और अमेरिका से की हमले रोकने की अपील

रूस ने अमेरिका और इस्राइल से ईरान में तुरंत हमले रोकने की अपील की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्हें मौजूदा स्थिति से राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटना चाहिए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन गैर-जिम्मेदार कार्रवाई का निष्पक्ष आकलन करना चाहिए, जो पूरे क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करने का खतरा पैदा कर रही हैं। रूस पहले की तरह अंतरराष्ट्रीय कानून, आपसी सम्मान और हितों के संतुलन के आधार पर शांतिपूर्ण समाधान खोजने के प्रयासों में सहयोग देने के लिए तैयार है।



**नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः फिलीपींस राष्ट्रपति**

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच वहां रह रहे फिलीपीनी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। उन्होंने विदेश मंत्रालय और प्रवासी श्रमिक विभाग को प्रभावित इलाकों में नागरिकों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2024 में क्षेत्र में करीब 21 लाख फिलीपीनी कामगार मौजूद बताए गए थे। बेल्जियम ने कहा, ईरानी जनता को अपनी सरकार के फैसलों की कीमत नहीं चुकानी चाहिए। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि यह बेहद अफसोस की बात है कि कूटनीतिक प्रयास पहले किसी बातचीत से समधान तक नहीं पहुंच पाए।

**इंडोनेशिया ने मध्यस्थता की पेशकश की:** इंडोनेशिया के विदेश मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो वॉशिंगटन और तेहरान के बीच संवाद कराने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत विफल होने से पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ा है, जिस पर इंडोनेशिया को बेहद अफसोस है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में सांचेज ने कहा कि ऐसी कार्रवाई वैश्विक व्यवस्था को और अस्थिर तथा टकरावपूर्ण बना सकती है। हालांकि उन्होंने ईरान सरकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड की गतिविधियों को भी स्वीकार्य नहीं बताया। स्पेन ने सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और अंतरराष्ट्रीय कानून का पूरी तरह सम्मान करने की मांग की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल कूटनीतिक बातचीत और शांतिपूर्ण रास्ते से ही संभव है।

### अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं इस्राइल के हमलेः नॉर्वे

नॉर्वे ने कहा कि इस्राइल के हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं हैं। नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ने कहा, इस्राइल इसे एहतियात के तौर पर किया गया हमला बता रहा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत एहतियात के तौर पर हमले तभी सही माने जाते हैं, जब खतरा तुरंत और स्पष्ट रूप से सामने हो।

### ईरान के साथ खड़ा हुआ पाकिस्तान

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने ईरान पर हुए हमलों की आलोचना की। उन्होंने तनाव को तुरंत रोकने और संकट के शांतिपूर्ण, बातचीत के जरिये समाधान के लिए दोबारा कूटनीति शुरू करने की अपील की।

# आतंकियों को हथियारबंद होने की इजाजत नहीं, रुख के मायने क्या : पीएम नेतन्याहू

**तेल अवीव।** अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान शुरू कर पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंचा दिया है। नेतन्याहू ने इसे अस्तित्व की लड़ाई बताया, जबकि राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरानी सेना को आत्मसमर्पण की चेतावनी दी। आइए, जानते हैं कि ईरान पर हमले के बाद नेतन्याहू ने इस्राइल की जनता को क्या संबोधित किया।

पश्चिम एशिया में अचानक सैन्य तनाव बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इस्राइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान ईरान से पैदा हुए अस्तित्व के खतरे को खत्म करने के लिए शुरू किया गया है। इस कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र में बड़े युद्ध की आशंका को तेज कर दिया है।

नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान के आतंकी शासन के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया है। उनके अनुसार ईरानी शासन लंबे समय से इस्राइल और अमेरिका के खिलाफ हिंसक नारे और गतिविधियां चलाता रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा शासन परमाणु हथियार हासिल कर ले तो पूरी मानवता के लिए



खतरा बन सकता है। नेतन्याहू ने मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के समर्थन को ऐतिहासिक बताया।

ऑपरेशन रोअरिंग लॉयन क्या है और इसका लक्ष्य क्या बताया गया?

इस्राइली सेना आईडीएफ ने इस सैन्य कार्रवाई को ऑपरेशन रोअरिंग लॉयन नाम दिया है। सेना के अनुसार अमेरिका और इस्राइल की संयुक्त सेनाएं ईरान की सैन्य और परमाणु क्षमताओं को कमजोर करने के उद्देश्य से कार्रवाई कर रही हैं। आईडीएफ का कहना है कि ईरान लगातार इस्राइल की सीमाओं पर सक्रिय समूहों को प्रशिक्षण, हथियार और वित्तीय मदद देता रहा है। सेना ने इसे इस्राइल के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बताया। अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के कई सैन्य और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरानी सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड को हथियार डालने की चेतावनी दी। आत्मसमर्पण करने वालों को सुरक्षा देने की बात कही गई। ट्रंप ने ईरानी नागरिकों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की। लगातार हमलों के कारण पूरे क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति बनती दिख रही है।

**ट्रंप की चेतावनी कितनी सख्त मानी जा रही है**

ट्रंप ने अपने संदेश में कहा कि ईरान की सेना, पुलिस और रिवोल्यूशनरी गार्ड यदि हथियार डाल देते हैं तो उन्हें पूरी सुरक्षा दी जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि यह ईरान की जनता के लिए अपने भविष्य का फैसला करने का समय हो सकता है। ट्रंप ने संकेत दिया कि सैन्य कार्रवाई व्यापक स्तर पर जारी रह सकती है।

**ईरानी जनता से नेतन्याहू की अपील क्यों अहम है**

नेतन्याहू ने ईरान के अलग-अलग समुदायों जैसे फारसी, कुर्द, अजेरी, बलोच और अहवाजी लोगों से मौजूदा शासन के खिलाफ उठ खड़े होने की अपील की। उन्होंने कहा कि संयुक्त कार्रवाई का उद्देश्य ईरानी जनता को स्वतंत्र और शांतिपूर्ण भविष्य का रास्ता देना है।

# क्या सैन्य ताकत में अमेरिका-इस्राइल का मुकाबला कर पाएगा ईरान, रूस और चीन इस जंग में दखल देंगे

**नई दिल्ली।** अमर उजाला ने दो पूर्व-राजनयिकों- दिलीप सिन्हा और दीपक वोहरा से इस ताजा संघर्ष को लेकर चर्चा की। दोनों ही विश्लेषकों ने इस बात पर सहमति जताई है कि अमेरिका के खिलाफ जंग में ईरान को अपने सहयोगियों को कोई खास मदद नहीं मिलेगी। इसके साथ ही वोहरा ने इस संघर्ष के भविष्य में भारत की क्या भूमिका रहेगी इसका जिक्र किया।



इस्राइल और अमेरिका ने संयुक्त अभियान में ईरान पर हमला बोला है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी इस्राइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से पलटवार किया। इतना ही नहीं ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें जॉर्डन से लेकर कुवैत और सऊदी अरब से बहरीन तक में अमेरिकी बेसेज पर हमले किए गए हैं।

इस बीच अमर उजाला ने दो पूर्व-राजनयिकों- दिलीप सिन्हा और दीपक वोहरा से इस ताजा संघर्ष को लेकर चर्चा की और जाना कि आखिर अमेरिका-इस्राइल बनाम ईरान के मुकाबले के क्या मायने हैं? इस संघर्ष की वजह क्या रही है और अब आगे क्या हो सकता है?

### अमेरिका-इस्राइल बनाम ईरान के मुकाबले के मायने

पूर्व राजनयिक दिलीप सिन्हा के अनुसार, यह युद्ध इस बात का संकेत है कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पूरी तरह से टूट चुकी है। शीत युद्ध के समय के विपरीत, अब महाशक्तियां यह मानने लगी हैं कि वे कूटनीति के बजाय युद्ध करके अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल कर सकती हैं, जो कि विश्व के लिए एक बहुत खतरनाक स्थिति है।

अमेरिका और इस्राइल की ईरान के साथ यह दुश्मनी 1979 के सत्ता परिवर्तन के समय से ही चली आ रही है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्पष्ट मानना है कि ईरान की वर्तमान सरकार नंबर वन स्टेट स्पॉन्सर ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की सबसे बड़ी प्रायोजक) है और इस आतंकी और कट्टरपंथी सरकार का जाना अब तय है।

# ट्रंप के रडार पर ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला अली खामेनेई

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इस्राइल के ईरान पर संयुक्त सैन्य हमले के बाद जानिए कौन हैं ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई। आखिर क्यों डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल उन्हें अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानते हैं? आसान सवाल-जवाब में पूरी प्रोफाइल पढ़ें।

अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू कर दिया है। ईरान की राजधानी तेहरान में कई धमाके सुने गए हैं और इस हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमलों की पुष्टि करते हुए खुलेआम ईरानी नागरिकों से अपनी ही सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील कर दी है। इस पूरी भू-राजनीतिक उथल-पुथल और पश्चिम एशिया के नए संकट के केंद्र में सिर्फ एक ही नाम है- ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई। आइए



आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि 86 वर्षीय खामेनेई कौन हैं और वे पश्चिमी देशों की आंखों की किरकिरी क्यों बने हुए हैं।

ताजा अमेरिका-इस्राइल हमले का खामेनेई से क्या सीधा कनेक्शन है

ईरान पर हुए इस ताजा हमले में देश भर के कई इलाकों के साथ-साथ राजधानी तेहरान के उन विशिष्ट क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है, जो सीधे तौर पर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सात मिसाइलें तेहरान के उत्तर में स्थित राष्ट्रपति भवन और खामेनेई के कार्यालयों (कंपाउंड) के पास गिरी हैं। अमेरिका और इस्राइल की इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य इस्लामी गणराज्य के नेतृत्व को निशाने पर लेना है। हालांकि, हमलों के दौरान खामेनेई तेहरान में मौजूद नहीं थे और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था।

**खामेनेई अमेरिका और इस्राइल के लिए सबसे बड़े 'विलेन' क्यों बन गए हैं:** अपने शासनकाल के दौरान खामेनेई ने हमेशा पश्चिमी देशों के साथ एक शत्रुतापूर्ण संबंध बनाए रखा है और वे अमेरिका को ईरान का नंबर एक दुश्मन मानते हैं, जिसके ठीक पीछे वे इस्राइल को रखते हैं। उनकी असीमित ताकत का मुख्य आधार ईरान की शक्तिशाली 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (क्रक्रछ) और 'बसीज' अर्धसैनिक बल हैं, जिनकी वफादारी सीधे तौर पर खामेनेई के प्रति है।

इस दुश्मनी की सबसे बड़ी वजह ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। यद्यपि खामेनेई का दावा है कि उनका परमाणु कार्यक्रम केवल नागरिक उद्देश्यों के लिए है और वे कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएंगे, लेकिन अमेरिका और इस्राइल लगातार यह आरोप लगाते हैं कि ईरान छिपकर परमाणु बम विकसित कर रहा है। अमेरिका और इस्राइल के शीर्ष अधिकारी अब खुलेआम खामेनेई को सत्ता से हटाने और खत्म करने की धमकियां दे रहे हैं।

### आखिर कौन हैं अयातुल्ला अली खामेनेई

86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई एक धर्मगुरु हैं, जो 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर (सर्वोच्च नेता) के पद पर काबिज हैं। उन्होंने ईरान के इस्लामी गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद यह पद संभाला था। खुमैनी ने ही 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व किया था, जिसमें अमेरिका समर्थित शाह को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। आज की तारीख में खामेनेई देश के आध्यात्मिक नेता होने के साथ-साथ सरकार, सेना और न्यायपालिका की अंतिम और सर्वोच्च शक्ति अपने पास रखते हैं।

# इस्राइल-अमेरिका ने कब-कैसे बोला ईरान पर हमला

**नई दिल्ली।** ईरान पर इस्राइल और अमेरिका ने साझा हमला किया है। इस्राइली अधिकारियों का कहना है कि उसकी तरफ से यह हमला ईरान को नेस्तनाबूत करने के लिए किया गया है। जिन जगहों पर हमला हुआ है, उनमें शीर्ष नेताओं से लेकर अहम सैन्य ठिकाने शामिल हैं।

इस्राइल और अमेरिका ने ईरान पर साझा हमला बोला है। पहले इस्राइल के रक्षा मंत्री और फिर अलग-अलग रक्षा मामलों के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। सामने आया है कि हमले की शुरूआत इस्राइल की तरफ से की गई, जिसने ईरान के कई सैन्य और खुफिया एजेंसी के ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद अमेरिकी वायुसेना की तरफ से भी हमले की बात सामने आई है।

ईरान में जुमे के बाद शनिवार हफ्ते का पहला दिन है। इस दिन स्कूलों से लेकर सरकारी दफ्तर और सार्वजनिक स्थल भी खुले रहते हैं। ऐसे में आम लोगों के हमले के चपेट में आने की आशंका जताई गई है।

**ईरान में कहां-कहां हुआ हमला**

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हमले को तेहरान और आसपास के क्षेत्र में केंद्रित रखा गया है। ईरानी अखबार शार्घ के मुताबिक, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई कि ठिकाने के पास धमाका हुआ। इसके अलावा तेहरान में स्थित राष्ट्रपति के आवास और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के दफ्तर के पास धमाके के बाद धुआं उठता देखा गया।

सैटेलाइट तस्वीरों से सामने आया है कि ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई के आवास के पास इस्राइल के हमले के बाद जबरदस्त धुआं उठता देखा गया। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया कि इस हमले की चपेट में कौन आया। एयरस्ट्राइक में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद अहमदीनेजाद के परिसर पर भी हमला देखा गया। बताया गया है कि ईरान में तेहरान के अलावा पांच और शहरों पर हमले हुए हैं। इनमें



कॉम, इशफान, करमनशाह और कराज, लोरेस्तान पर हमला शामिल है। इसके अलावा ईरान के अर्धसैनिक बल- ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के खुफिया निदेशालय पर भी हमला किया गया है।

**इस्राइल-ईरान ने अब तक क्या-क्या कदम उठाए**

1. इस्राइल ने

इन हमलों के बाद इस्राइल ने सबसे पहले आपातकाल घोषित करते हुए अपने हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) को पूरी तरह बंद कर दिया। यानी इस्राइल में वाणिज्यिक उड़ानों पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

इस्राइली सैन्य बलों की तरफ से कहा गया कि उसने जनता को मोबाइलों पर संदेश भेजकर इस बात के लिए सतर्क किया है। कि इस्राइल की तरफ मिसाइल हमला हो सकता है।

2. ईरान ने

इसी तरह ईरान ने भी अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अयातुल्ला अली खामेनेई फिलहाल ईरान में नहीं हैं और उन्हें सुरक्षित ठिकाने में भेजा गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने भी इस्राइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। फिलहाल यह सामने नहीं आया है कि ईरान का हमला कितना बड़ा है, लेकिन इस्राइली रक्षा बलों ने मिसाइलों को डिटेक्ट किया है। इस्राइल में कुछ जगहों पर धमाके की खबरें भी आई हैं।

**पश्चिम एशिया में बाकी क्षेत्रों का क्या हाल**

कतर के मीडिया पोर्टल अल-जजीरा के मुताबिक, ईरान ने बहरीन, सऊदी अरब, कुवैत, कतर और यूएई पर भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है।

इन स्थितियों को देखते हुए कतर में स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने सभी कर्मचारियों के लिए अलर्ट जारी किया है और उन्हें सुरक्षित ठिकाने पर जाने के लिए कहा है।

# यूरोपीय देशों ने नागरिकों से की पश्चिम एशिया छोड़ने की अपील, भारत ने भी जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** एक तरफ ईरान और इस्राइल के बीच तनाव जारी है तो दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बातचीत का दौर शुरू है। वहीं इस्राइल और फलस्तीन पर भी सबकी निगाहें हैं। वर्तमान हालात के मद्देनजर दुनिया के अलग-अलग देशों की तरफ से एडवाइजरी जारी की जा रही है।



कुछ यूरोपीय देशों ने अपने नागरिकों से ईरान और मिडिल ईस्ट के कई दूसरे इलाकों में बढ़ते तनाव के कारण वहां से चले जाने या वहां की यात्रा से बचने की अपील की है। भारत सरकार पहले ही अपने नागरिकों को हालिया तनाव को देखते हुए एडवायजरी जारी कर चुकी है। सरकारों की ओर से संभावित फ्लाइट कैंसिलेशन या देरी की चेतावनी दी और प्रभावित इलाकों में नागरिकों से सतर्क रहने और भीड़भाड़ से बचने का आग्रह किया।

**बिट्रेन-फ्रांस ने भी जारी किया अलर्टः** ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उसने ईरान से अपने स्टाफ को कुछ समय के लिए वापस बुला लिया है और उसका दूतावास रिमोटली काम करता रहेगा और देश की किसी भी यात्रा के खिलाफ सलाह दी है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी नागरिकों के लिए इजरायल, यरुशलम और वेस्ट बैंक की यात्रा के खिलाफ एक सुरक्षा एडवाइजरी जारी की, जिसमें ईरान से जुड़ी स्थिति से संभावित क्षेत्रीय नतीजों का हवाला दिया गया। एडवाइजरी में कहा गया, यह ट्रैवल एडवाइजरी इजरायल और फिलिस्तीन के लिए है। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) अब इजरायल और फिलिस्तीन की जरूरी यात्रा को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर यात्रा न करने की सलाह दे रहा है। एफसीडीओ ने गाजा की यात्रा न करने की सलाह दी है। एफसीडीओ ने गाजा के साथ बॉर्डर के 500 मीटर के अंदर यात्रा न करने की सलाह दी है।

इसके अलावा, एडवाइजरी में वेस्ट बैंक, तुलकरम गवर्नरेट, जेनिन गवर्नरेट और टुबास गवर्नरेट और रूट 90 को भी शामिल किया गया है।

इटली ने भी अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने का आग्रह किया और पूरे मिडिल ईस्ट में बहुत सावधानी बरतने की सलाह दी।

# इटली के मिलान में पटरी से उतरी ट्राम, दुकान में घुसी; हादसे में दो लोगों की मौत, 40 घायल

**मिलान।** इटली के मिलान शहर के मध्य इलाके में एक ट्राम हादसे का शिकार हो गई। ट्राम के पटरी से उतरने के बाद वह पास की ही एक इमारत में बनी दुकान में घुस गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि चालक ने ट्रैक स्विच को सक्रिय नहीं किया था, जिसके चलते यह हादसा हो गया।



इटली के मिलान शहर में शुक्रवार को एक ट्राम के पटरी से उतरने से बड़ा हादसा हो गया। बेपटरी होने के बाद ट्राम एक इमारत से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। शहर के मेयर ग्यूसेप्पे सला ने घटनास्थल पर पहुंचकर बताया कि मृतकों में से एक व्यक्ति ट्राम के पटरी से उतरने के दौरान उसकी चपेट में आ गया, जबकि दूसरा पीड़ित एक यात्री था।

हादसे के बाद कुछ ही देर में मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने सदमे में आए यात्रियों को आपातकालीन कंबलों में लपेट दिया, जबकि एंबुलेंस गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल ले गई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हादसे के बाद मृतकों के लिए अपनी संवेदना व्यक्त की।

**चालक ने ट्रैक स्विच को नहीं किया था सक्रियः** मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चालक ने ट्रैक स्विच को सक्रिय नहीं किया था। यह भी बताया गया है कि दुर्घटना से पहले चालक लाइन के अंतिम स्टॉप से भी आगे निकल गया था। द गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक आदमी ट्राम के नीचे फंसा था, जिसका हाथ ट्राम के नीचे आ गया था।

मुख्य जांचकर्ता अभियोजक मासेलो वियोला ने कहा कि ट्राम के बेपटरी होकर इमारत में घुसने की वजह से बिल्डिंग पर काफी प्रभाव पड़ा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कारणों के चलते फिलहाल इमारत को खाली करा लिया गया है।

# अफगान बलों का दावा- जलालाबाद में मार गिराया पाकिस्तानी लड़ाकू विमान

**इस्लामाबाद/ जलालाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच यह ताजा घटना दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा सकती है। लड़ाकू विमान का गिराया जाना और पायलट का पकड़ा जाना दोनों देशों के बीच संबंधों में एक नई जटिलता पैदा कर सकता है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच शनिवार को अफगान बलों ने दावा किया कि जलालाबाद शहर में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया। अफगान बलों ने दावा किया है कि विमान मार गिराए जाने के बाद उसके पायलट को जिंदा पकड़ लिया गया है।




एएफपी की रिपोर्ट में अफगान सैन्य और पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान शनिवार को जलालाबाद के एक जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने एएफपी को बताया कि पायलट ने विमान से पैराशूट की मदद से छलांग लगाई और फिर उसे हिरासत में ले लिया गया।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने शुक्रवार देर रात दिए अपडेट में दावा किया कि सुरक्षा बलों ने 297 लड़ाकों को मार गिराया और 450 से अधिक अफगान जवान घायल हो गए। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन गजब-लिल-हक के दौरान पाकिस्तान ने अफगान बलों की 89 चौकियों को नष्ट कर दिया और 18 अन्य पर कब्जा कर लिया। इसी के साथ लगभग 135 टैंक और बख्तरबंद वाहन भी नष्ट कर दिए गए।

### पाकिस्तान के मंत्री ने किए बड़े दावे

पाकिस्तानी मंत्री ने दावा किया कि पाकिस्तानी वायुसेना ने अफगानिस्तान भर में लगभग 29 स्थानों को भी प्रभावी ढंग से निशाना बनाया। अफगानिस्तान की ओर से सीमा पर एक साथ 53 जगहों पर हमले किए जाने के बाद पाकिस्तान ने ऑपरेशन गजब-लिल-हक नाम का एक जवाबी हमला शुरू किया है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि अफगान तालिबान को पाकिस्तान और आतंकवादी संगठनों के बीच चुनाव करना होगा।

### अफगान पुलिस और सेना के प्रवक्ता ने की पुष्टि

जलालाबाद के पुलिस प्रवक्ता तैयब हम्माद ने पुष्टि करते हुए कहा, 'जलालाबाद शहर के छठे जिले में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया और उसके पायलट को जिंदा पकड़ लिया गया।' पूर्वी अफगानिस्तान में सेना के प्रवक्ता वाहिदुल्ला मोहम्मदी ने भी इस बात की पुष्टि की है।




# हिंदी भवन में शिक्षा सम्मेलन-सम्मान कार्यक्रम में 300 से अधिक शिक्षकों का हुआ सम्मान

## देश के विकास में शिक्षकों का बड़ा योगदान : अनिल अग्रवाल

## आरडी शर्मा व सुचित त्यागी ने किया आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को हिंदी भवन में आयोजित शिक्षा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह शहर के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण आयोजन बनकर उभरा। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ और मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में अलग-अलग बोर्ड्स, शिक्षकों व स्कूलों के शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा, साहित्य और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शहर एवं ग्रामीण अंचल के 300 से अधिक महिला एवं पुरुष शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि है। वहीं उन्होंने कहा है कि देश के विकास में शिक्षकों का बड़ा योगदान है। पंडित आरडी शर्मा और सुचित त्यागी द्वारा शिक्षा जगत के कर्मयोगियों को सम्मानित करने की पहल को सराहनीय बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है और नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा मिलती है। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, व्यापारी नेता-शिक्षाविद् अतुल जैन, भाजपा मेरठ के प्रभारी एवं पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, सुभाष गुप्ता, पार्षद प्रतिमा शर्मा, डॉ. रिचा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। इस अवसर पर शिक्षा के प्रति जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। समापन अवसर पर आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि समाज में शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आरडी शर्मा की रही सक्रिय भूमिका

करंट क्राइम : सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में सक्रिय रहने वाले पंडित आरडी शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने और उसे सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई। परीक्षाओं का समय होने के बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति ने आयोजन की प्रभावशीलता को दर्शाया। शहर से लेकर देहात तक के शिक्षकों को एक मंच पर सम्मानित करना अपने आप में उल्लेखनीय पहल रही।

### सूचित त्यागी ने संभाली व्यवस्थाएं

करंट क्राइम : कार्यक्रम के सफल संचालन और अतिथियों के सम्मान की जिम्मेदारी सुचित त्यागी ने निभाई। उन्होंने सभी प्रमुख और विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। आयोजन की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं और मंच संचालन भी प्रभावी ढंग से किया गया। सम्मेलन में उपस्थित शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों पर चर्चा की।

# गाजियाबाद में होली पर उज्ज्वला लाभार्थियों को तोहफा

## मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने वितरित की निःशुल्क रिफिल सब्सिडी



**- जनपद गाजियाबाद में कुल 1,11,626 लाभार्थियों को इस योजना का सीधा लाभ मिला**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को होली के अवसर पर निःशुल्क सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन गाजियाबाद के विकास भवन और कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के मा. मंत्री स्वतंत्र प्रभार, श्री नरेन्द्र कश्यप और विशिष्ट अतिथि के रूप में गाजियाबाद विधायक श्री संजीव शर्मा उपस्थित रहे। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना ने देश की महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। उन्होंने बताया कि जनपद गाजियाबाद में कुल 1,11,626 लाभार्थियों को इस योजना का सीधा लाभ मिल रहा है। मंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुँचाया जाए।

कार्यक्रम में लगभग 400 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने पिंकी, फरहत, रजनी सहित 10 लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी लाभार्थियों को सूक्ष्म जलपान कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, नगर मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय और जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# करणी सेना का 7वां स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** करणी सेना का 7वां स्थापना दिवस समापन समारोह जनपद में भव्यता और अपार उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर संगठन की उपलब्धियों पर चर्चा की गई और आगामी सामाजिक दायित्वों के लिए संकल्प लिया गया। समारोह में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू का मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह राजा और जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में संगठन की एकता, अनुशासन और समाजहित में निरंतर सक्रिय रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सुविख्यात कवि मोहित शौर्य की प्रस्तुति रही। उन्होंने अपनी ओजपूर्ण वीर रस की कविताओं के माध्यम से उपस्थित जनसमूह में अद्भुत ऊर्जा का संचार किया। उनकी कविताओं ने पूरे सभागार को राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना के भाव से सराबोर कर दिया। समारोह में केवल उत्तर



प्रदेश ही नहीं, बल्कि हरियाणा, अलीगढ़ और अन्य राज्यों की टीमों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का कुशल संचालन रीना चौहान द्वारा किया गया। इस दौरान महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व जिला अध्यक्ष नीता शर्मा, शिखा चौहान एवं उनकी टीम ने किया।

मंच पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप सिंघल, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक रामकुमार तोमर, संगठन महामंत्री निशित रावल, वरिष्ठ ज़िला उपाध्यक्ष मोहित राज, दिनेश शर्मा, महानगर व्यापार अध्यक्ष विवेक गर्ग, सोशल मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह खाती और मीडिया प्रभारी शुभम तोमर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समाज के सम्मानित नागरिकों ने शिरकत की।

### कार्ड बदलकर रुपये निकालने वाले जीजा-साले समेत तीन गिरफ्तार




साहिबाबाद करंट क्राइम। थाना पुलिस ने डेबिट कार्ड बदलकर युवती के खाते से 74 हजार रुपये की धोखाधड़ी के आरोपी जीजा-साले समेत तीन लोगों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली के लक्ष्मी नगर गली नंबर तीन निवासी विजय, उसका साला संजय है। जबकि तीसरा आरोपी अर्पित मूलरूप से अलीगढ़ के सुरेंद्र नगर का निवासी है और वर्तमान में सीआर रोड पर रहता था। 25 फरवरी को मोहन नगर के करहैड़ा निवासी दिव्यांशी की तहरीर पर पुलिस ने धोखेबाजों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उनके डेबिट कार्ड को लेकर भाई हर्षित रुपये निकालने गए थे। लेकिन एटीएम बूथ पर ठगों ने हर्षित को उलझाकर कार्ड बदल दिया। तीन बार में उससे 74 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज करके जांच की। एसीपी ने साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया युवती के कार्ड के इस्तेमाल होने की जानकारी ली गई। आरोपियों ने पहली बार में करहेड़ा स्थित एटीएम बूथ से ही 15 हजार निकाले थे।इसके बाद तीनों दिल्ली के प्रीत विहार स्थित सराफ दुकानदार के पास पहुंचे चार सोने के सिक्के खरीदे। भुगतान डेबिट कार्ड से पहले 34,188 रुपये और फिर 25,000 रुपये का भुगतान किया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए विजय, संजय और अर्पित तक पहुंची और तीनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से सिक्कों की खरीददारी का बिल और युवती का डेबिट कार्ड बरामद किया गया है। एसीपी ने बताया कि विजय स्नातक उत्तीर्ण कर चुका है और अर्पित 12वीं पास है। दोनों आपस में दोस्त है। जबकि संजय और विजय टैक्सी व ई-कॉमर्स कंपनी में डिलीवरी वाहन चलाते है। आरोपियों के खिलाफ कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है। दिल्ली-एनसीआर के अन्य थानों से जानकारी एकत्र की जा रही है।

# खोड़ा में आईपीएस अधिकारी व एसीपी ने होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत होलिका दहन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को खोड़ा थानाक्षेत्र के विभिन्न होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आईपीएस अधिकारी डॉ. दीप्ति चौहान, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी खोड़ा नरेश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने प्रत्येक होलिका दहन स्थल के आयोजकों व प्रमुख पदाधिकारियों से मुलाकात कर त्योहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और नशा-मुक्त तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही सामाजिक संदेश देते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है, इसे मयार्दा के साथ मनाया जाए। पुलिस अधिकारियों ने निर्देश दिए कि प्रत्येक होलिका दहन स्थल के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग या शांति



भंग की स्थिति उत्पन्न न हो।

खोड़ा क्षेत्र दिल्ली और नोएडा से सटा होने के साथ ही मिश्रित आबादी वाला इलाका होने के कारण अति संवेदनशील माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने इस क्षेत्र पर विशेष फोकस रखते हुए सतर्कता बढ़ा दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चिन्टू जी




**समाप्त**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।